संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -300 रविवार , 03 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अब इसरो का अगला मिशन एक्सपोसेट

## इसरो अब एक्सपोसेट करेगा लांच,अभी समय तय नहीं...

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2023 (ए)।** चांद, सूर्य के बाद इसरो अंतरिक्ष को लेकर नए मिशन की तैयारी में है। इस मिशन के तहत इसरो को अंतरिक्ष से जुडी महत्वपूर्ण जानकरियां इकट्ठा करने में मदद मिलेगी। इसरो अंतरिक्ष को लेकर एक्सपोसेट लांच करेगा, जिसका लांचिंग डेट फिलहाल तय नहीं हुआ है।

चांद के दक्षिणी धुर्व पर सफल लैंडिंग के बाद इसरो ने 2 सितंबर को सूरज को लेकर आदित्य एल1 लांच किया है। पिछले 11 दिन में इसरो ने ये दो इतिहास रचे हैं। शनिवार को श्रीहरिकोटा से आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं। अब इसरो अपने नए मिशन पर काम कर रही है, जिसका मकसद अंतरिक्ष का अध्ययन करना है।

### क्या है एक्सपोसेट मिशन

एक्सपोसेट यानी एक्स रे पोलारिमीटर सैटेलाइट भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन होगा, जो मुश्किल हालात में भी चमकीले खगोलीय एक्सरे स्रोतों के विभिन्न आयामों का अध्ययन कर डेटा को भारत भेजेगा। इसके लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष यान भेजा जाएगा, जिसमें दो




वैज्ञानिक अध्ययन उपकरण (पेलोड) लगे होंगे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के मुताबिक, इसके दो पेलोड पोलिक्स और एक्सएसपेक्ट होंगे। इसमें पोलिक्स का काम खगोलीय मूल के 8-30 केव्ही फोटॉन की मध्यम एक्स-रे ऊर्जा रेंज में पोलारिमेट्री मापदंडों को मापना है। जबकि एक्सस्पेक्ट पेलोड 0.8-15 केवी की ऊर्जा रेंज में स्पेक्ट्रोस्कोपिक के बारे में बताएगा।

# ईडी ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को देर रात किया गिरफ्तार

**मंबई,02 सितम्बर 2023 (ए)।** ईडी प्रवर्तन निदेशालय ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। ईडी अधिकारियों ने कहा कि श्री गोयल ने केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी कर धन का शोधन किया है।गोयल को ईडी के अधिकारियों ने मामले की जांच के सिलसिले में यहां अपने आफिस में बुलाया था। गोयल से लम्बी पूछताछ के बाद रात में उन्हें धन शोधन निवारक अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया।



वित्त मंत्रालय के तहत आने वाली एजेन्सी ईडी ने जांच के सिलसिले में गोयल और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर इसी साल 19 जुलाई को तलाशी ली थी। इस कार्रवाई में अधिकारियों की टीमों ने मुंबई और कुछ अन्य स्थानों पर छापे डाले थे ।

# महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया

**» पीड़िता को मुआवजा राशि और नौकरी देने की सरकार ने की घोषणा**

**प्रतापगढ़,02 सितम्बर 2023 (ए)।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले से इंसानियत को शर्मसार करने घटना की खबर आ रही है। मणिपुर की




तरह राजस्थान में भी आदिवासी महिला को निर्वस्त्र घुमाकर वीडियो कर दिया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश मिलने पर पुलिस महनिदेशक उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को पुलिस टीम को फौरन एक्शन लेने के लिए प्रतापगढ़ भेजा है।

### आरोपी पति सहित 7 रिश्तेदार गिरफ्तार

धरियावद पुलिस चौकी थाना प्रभारी पेशावर खान ने बताया कि, पहाड़ी गांव में रहने वाली 21 वर्षीय महिला को उसके पूर्व पति ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया और वीडियो बनाया। पुलिस ने आरोपी पति काना और 7 रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया है। बाकि आरोपियों की तलाश जारी है।

आदिवासी महिला को 10 लाख रुपए और सरकारी नौकरी देने की घोषणा घटना की जानकारी मिलते ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद गांव में 21 वर्षीय आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। साथ ही सीएम गहलोत ने पीड़िता को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शाम प्रतापगढ़ के धरियावद में पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की।

# वन नेशन,वन इलेक्शन समिति में अमित शाह, अधीर चौधरी और गुलाम नबी समेत ये लोग शामिल

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2023 (ए)।** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा एलओपी गुलाम नबी आज़ाद और अन्य को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया।

केंद्र ने शनिवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे की जांच और देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए सिफारिशें करने के लिए 8 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। खास बात यह है कि समिति का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को नियुक्त किया गया है।

इनके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, पूर्व वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह, पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष, सी. कश्यप, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया




है कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उच्च स्तरीय समिति की बैठकों में भाग लेंगे। समिति का गठन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले और अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को समिति के गठन की जानकारी दी थी।

प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि अभी एक समिति का गठन किया गया है। समिति की एक रिपोर्ट आएगी जिस पर चर्चा होगी। संसद परिपक्व है और चर्चा होगी, घबराने की जरूरत नहीं है। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। हमेशा एक विकास होता रहता है। मैं संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर चर्चा करूंगा।

# महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का मुद्दा फिर भड़का



**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2023 (ए)।** कुछ मराठा समूहों द्वारा शुरू आरक्षण समर्थक आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया, जो सोलापुर, औरंगाबाद, नागपुर और महाराष्ट्र के अन्य शहरों में आंदोलन के साथ और अधिक जिलों में फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने सोलापुर-पुणे राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, नागपुर, औरंगाबाद में जोरदार आंदोलन किया गया और आज बीड और जालना में बंद का आह्वान किया गया।

विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी दल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने हिंसा और अकारण पुलिस कार्रवाई के लिए सत्तारूढ़ शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) के सहयोगियों की आलोचना की है।

कड़ा संज्ञान लेते हुए, राकांपा अध्यक्ष शरद पवार स्थिति का जायजा लेने के लिए मुंबई से जालना के लिए रवाना हुए, जबकि कांग्रेस के विपक्ष के नेता विनय वडेट्टीवार और छत्रपति संभाजीराजे ने जालना का दौरा किया, और सेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने हिंसा और पुलिस लाठीचार्ज के लिए सरकार को दोषी ठहराया।

1 सितंबर की शाम को, मराठों के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग करने वाले हजारों प्रदर्शनकारी अंबाद क्षेत्र के अंतरवली-सारथी गांव में एकत्र हुए, जहां मराठा मोर्चा के संयोजक, मनोज जारांगे और अन्य लोग मंगलवार (29 अगस्त) से भूख हड़ताल पर बैठे थे।

जैसे ही जारांगे की हालत बिगड़ने लगी, एक पुलिस दल ने आंदोलन को तोड़ने और उन्हें अपनी भूख हड़ताल तोड़ने के लिए मजबूर करने का प्रयास किया, जिससे जाहिर तौर पर उनके समर्थक नाराज हो गए।

हाथापाई में पुलिस ने कथित तौर पर कड़ी चेतावनी देकर भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया, जिसे अनसुना कर दिया गया और लोगों ने कथित तौर पर पथराव किया।

पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाई, आंसू गैस के गोले छोड़े और यहां तक कि प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों सहित कम से कम दो दर्जन लोग घायल हो गए।

# भूपेश की कैबिनेट बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

## आवासहीनों और कच्चे कमरे वाले परिवारों को पक्का आवास मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल शेष सभी 6 लाख 99 हजार 439 पात्र परिवारों को आवासों की स्वीकृति का लिया गया निर्णय

**रायपुर,02 सितम्बर 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज शाम उनके निवास कार्यालय में राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें सरकार ने आवासहीनों और कच्चे कमरे वाले परिवारों को पक्का आवास मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल शेष सभी 6 लाख 99 हजार 439 पात्र परिवारों को आवासों की स्वीकृति का निर्णय लिया गया।

### केबिनेट में लिए गए ये महत्वपूर्ण फैसले

✷ सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना वर्ष 2011 की सर्वे सूची में शामिल होने से वंचित रह गए ऐसे परिवार जो आवासहीन है उन्हें राज्य सरकार द्वारा अपने मद से आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में ग्रामीण आवास न्याय योजना की घोषणा की थी। इस योजना के नीति निर्धारण एवं क्रियान्वयन के संबंध में मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया।

✷ प्रदेश में जरूरतमंद परिवारों की आवश्यकता एवं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के अनुसार कुल 47,090 परिवार ऐसे पाए गए है जो आवासहीन है और इनका नाम सर्वे सूची 2011 में नही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण न्याय योजना के लिए का शत प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए दी जाएगी। वर्ष 2023-24 के बजट में राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 100 करोड़ का बजट प्रावधान किया है।

✷ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज नवा रायपुर में आयोजित राजीव युवा मितान सम्मेलन में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के हित में सीधी भर्ती के पदों पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में प्रथम 3 वर्ष में क्रमशः वेतनमान के न्यूनतम का 70, 80 एवं 90 प्रतिशत स्टायपेण्ड दिये जाने के प्रावधान को समाप्त करने की बड़ी घोषणा की गई । जिसे मंत्रिपरिषद की बैठक में अनुमोदित किया गया।

✷ डिप्लोमाधारी और डिग्रीधारी स्टाफ नर्सेस को दी गई 3 एवं 4 वार्षिक वेतन वृद्धि की वसूली पर आगामी आदेश तक रोक लगाए जाने का निर्णय लिया गया।

✷ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुपालन में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में एक बड़ा फैसला लिया गया। जिसके तहत मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य सेवा परीक्षा नियम, 2008 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसमें आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा संबंधी अंतिम चयन सूची जारी किए जाने के पश्चायत प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा अंतिम चयन परिणाम की अंक सूचियां अभ्यर्थियों के ऑनलाइन एकाउन्ट



उपलब्ध करायी जाएगी। राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के परिणाम के साथ ही उक्त परीक्षा के विज्ञापित वर्ग एवं उपवर्गवार कट-ऑफ अंक जारी किए जाएंगे।

साक्षात्कार या व्यक्तित्व परीक्षण अब 150 अंक के स्थान पर 100 अंक का होगा।

✷ गोधन न्याय योजना के तहत गोठानों से संबद्ध स्व-सहायता समूहों एवं प्राथमिक सहकारी समितियों को कम्पोस्ट विक्रय पर प्रोत्साहन (बोनस) राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। स्व सहायता समूहों को 8 जुलाई 2022 से 7 जुलाई 2023 तक प्रति किलोग्राम कम्पोस्ट विक्रय पर एक रूपए प्रति किलो प्रोत्साहन राशि के मान से कुल 12.32 करोड़ रूपए तथा प्राथमिक सहकारी समितियों को प्रति किलो 10 पैसे की दर से कुल 13.55 लाख रूपए प्रोत्साहन (बोनस) राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया।

✷ बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 में निहित प्रावधान के तहत् राज्य बांध सुरक्षा संगठन के लिए मुख्य अभियन्ता के पद सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई। ■ भारत स्काउट गाईड जिला संघ रायपुर को प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु ग्राम माठ, जिला रायपुर में आवंटित शासकीय भूमि की निर्धारित प्रब्याजि या भू-भाटक को माफ कर निःशुल्क में आवंटन करने का निर्णय लिया गया। ■ छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज को शैक्षणिक (छात्रावास) तथा सामाजिक भवन के लिए ग्राम फुण्डहर, जिला रायपुर में आबंटित शासकीय भूमि की निर्धारित प्रब्याजि राशि में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

✷ श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक द्वारा छत्तीसगढ़ में आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु संस्कार अध्ययन शाला, चिकित्सालय एवं गौशाला निर्माण हेतु श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा समिति जिला राजनांदगांव के स्वामित्व की भूमि को सशर्त आबंटित किए जाने का निर्णय लिया गया।

✷ संस्था प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंबिकापुर जिला सरगुजा को अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन पर आवंटित नजूल भूमि की निर्धारित प्रब्याजि राशि में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

✷ छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 के द्वितीय अनुसूची के भाग- एक के स्पष्टीकरण में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

✷ छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के अंतर्गत ग्रेड पे 8700 का वेतन मैट्रिक्स में तत्स्थानी लेवल 15 में कोष्ठिकाएं निर्धारण हेतु गुणांक 2.57 को 2.67 करने का निर्णय लिया गया। ■ सेरीखेड़ी में मंत्रालयीन सेवा के अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु विशेष आवासीय योजना सेरीखेड़ी रायपुर में विकसित भूखण्डों के पात्रता में संशोधन का निर्णय लिया गया। योजना के लाभ की पात्रता सूची में न्यायिक सेवा श्रेणी के अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य को शामिल किया गया है।

✷ वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के लिये सीलबंद बोतलों में देशी/विदेशी मदिरा प्रदाय व्यवस्था में संशोधन प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

✷ मुख्यमंत्री जी द्वारा नगर पंचायत कोसीर, नगर पंचायत जरहागांव के गठन तथा नगर पंचायत माना-कैम्प को नगर पालिका में उन्नयन हेतु की गई घोषणा के संबंध में निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने करने का निर्णय लिया गया।

✷ नगरीय निकाय क्षेत्र में उद्योग विभाग द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों को संपत्ति कर में छूट दिये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया।

# शक्तिकांत दास बने दुनिया के बेस्ट बैंकर

**मुंबई,02 सितम्बर 2023 (ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनियाभर में भारत का परचम लहरा दिया है। अमेरिकी ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने शक्तिकांत को विश्व स्तर का शीर्ष केंद्रीय बैंकर का स्थान दिया है। ग्लोबल फाइनेंस की रिपोर्ट में उन्हें 'ए+' रेटिंग दी गई है।

पीएम मोदी ने भी शक्तिकांत दास को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बैंकर की रेटिंग मिलने पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण है, जो वैश्विक मंच पर हमारे वित्तीय नेतृत्व को दर्शाता है। पीएम ने कहा कि शक्तिकांत दास का समर्पण और दृष्टिकोण हमारे देश के विकास पथ को



मजबूत करना जारी रखेगा।दास को उन तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें,+ रेटिंग दी गई है। एक्स पर आरबीआई ने दास को बधाई देते हुए कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गवर्नर शक्तिकांत दास को ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2023 में 'ए+' रेटिंग दी गई है।

ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2023 के अनुसार, 'ए+' ग्रेड अर्जित करने वाले बैंक गवर्नरों में भारत के शक्तिकांत दास, थॉमस जे. जॉर्डन (स्विट्जरलैंड), गुयेन थी होंग (वियतनाम) हैं। बता दें कि 1994 से ग्लोबल फाइनेंस द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड यूरोपीय संघ, पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, सेंट्रल अफ्रीकी राज्यों के बैंक और 101 प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक गवर्नरों को ग्रेड देता है।

# मणिपुर में लूटे गए हथियार बरामद

**इंफाल,02 सितम्बर 2023 (ए)।** संयुक्त सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और थौबल जिलों में लूटे गए पांच हथियार, छह अलग-अलग प्रकार के गोला-बारूद और सात शक्तिशाली बम बरामद किए हैं।



पुलिस ने कहा कि बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में सशस्त्र प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली है। हालांकि, इलाके में तैनात सुरक्षा बलों ने जवाब दिया और बाद में गोलीबारी कम हो गई। पुलिस ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

इस बीच, आवश्यक वस्तुओं के साथ इंफाल-जिरीबम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर 220 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया गया है।

# मंत्रियों को एसयूवी खरीदने की मंजूरी मिली

### विवाद पर डिप्टी सीएम बोले-इसमें क्या गलत है

**बेंगलुरु,02 सितम्बर 2023 (ए)।** सरकार की कई गारंटी योजनाओं से सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 56,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ने से राज्य में संभावित वित्तीय संकट के बीच, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के लिए 33 हाई-एंड एसयूवी की खरीद को मंजूरी दे दी है।

राज्य सरकार के इस फैसले से विवाद खड़ा हो गया है, खासकर ऐसे समय में जब



कई कांग्रेस विधायक विकास गतिविधियों के लिए फंड रोकने का विरोध कर रहे हैं। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने कहा कि मंत्रियों के लिए एसयूवी की खरीद में कुछ भी गलत नहीं है।

डिप्टी सीएम ने कहा, क्या गलत है? मंत्रियों को लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ती है और उनकी सुरक्षा का भी ख्याल रखना पड़ता है। अन्य राज्यों में चार्टर्ड फ्लाइट्स और हेलीकॉप्टर की सेवाएं उपलब्ध हैं। मैं आने-जाने के लिए नियमित कमर्शियल फ्लाइटों का उपयोग कर रहा हूं।

राज्य सरकार सभी कैबिनेट मंत्रियों के लिए 9.9 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर टोयोटा इनोवा हाइब्रिड एसयूवी खरीदने जा रही है।

## संपादकीय

# नूंह का सार-संक्षेप

नूंह में प्रशासन ने शांति बनाए रखी। अगर बड़े संदर्भ में देखें, तो इस घटनाक्रम में एक बड़ा संदेश छिपा हुआ है। इससे यह साफ हुआ है कि अगर प्रशासन मुस्तैद हो, तो अशांति और दंगों को रोका जा सकता है।

सावन की आखिरी सोमवारी को हरियाणा के नूंह में शांति बनी रही। प्रशासन की इस बात के लिए तारीफ की जानी चाहिए कि उसने इसके लिए वहां पुख्ता इंतजाम किए। उन्होंने यह सही फैसला किया कि इस अवसर पर परंपरा के मुताबिक लोग स्थानीय स्तर पर जलाभिषेक करें, लेकिन बाहरी लोगों को वहां आकर जुलूस निकालने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने इस निर्णय पर प्रभावशाली अमल भी किया। इस तरह महीने भर पहले ऐसे ही जुलूस के कारण जैसा दंगा भड़का था, उसकी आशंकाओं को निर्मूल कर दिया गया। अगर बड़े संदर्भ में देखें, तो इस घटनाक्रम में एक बड़ा संदेश छिपा हुआ है। इससे यह साफ हुआ है कि अगर प्रशासन मुस्तैद हो, तो अशांति और दंगों को रोका जा सकता है। इस बात की पुष्टि आयरलैंड से लेकर अशांति ग्रस्त रहे कई देशों और भारत के सांप्रदायिक दंगों के बारे में हुए अकादमिक अध्ययनों से भी हुई है कि प्रशासन के सचमुच ना चाहने पर पहले तो दंगे भड़कते ही नहीं हैं, लेकिन असामान्य स्थितियों में ये भड़क भी गए, तो कुछ घंटों के अंदर उन पर काबू पा लिया जाता है।

लोकतांत्रिक देशों में हुए अध्ययन इस नतीजे पर पहुंचे कि उन दलों के शासनकाल में लंबा खिंचने वाले दंगे लगभग नहीं होते हैं, जिनका सियासी स्वार्थ अल्पसंख्यक समुदायों के वोटों से जुड़ा होता है। यह आम तजुर्बा है कि दंगों में सबसे ज्यादा नुकसान इन्हीं समुदायों को होता है। जबकि आतंकवाद में जान-माल की सबसे ज्यादा हानि बहुसंख्यक समुदाय को उठानी पड़ती है। एक बिंदु पर जाकर ये दोनों परिघटनाओं में संबंध भी कायम हो जाता है। नतीजतन दंगों का होना या उनका जारी रहना अंततः किसी समुदाय के हित में नहीं होता। इसलिए यह अपेक्षा हर सरकार और प्रशासन से रहती है कि वह दंगों और आतंकवाद के प्रति समान सख्त रुख अपनाए। आशा है कि नूंह के अनुभव से देश भर की सरकारें सबक लेंगी। यह सबको याद रखना चाहिए कि हिंसक घटनाओं से ना सिर्फ देश की बदनामी होती है, बल्कि ऐसी घटनाएं लंबी अवधि में आर्थिक खुशहाली की राह रुकावट भी बनती हैं।

# विपक्ष सोशल मीडिया से बचे,रियलिटी बूझे

विपक्षी पार्टियों की तीसरी बैठक में बहुत कुछ तय होने की संभावना है। मुंबई में दो दिन की बैठक में 'इंडिया' की पार्टियां समन्वय समिति बनाने वाली हैं, संयोजक का नाम तय करने वाली हैं, सीट बंटवारे पर चर्चा होने की संभावना है, चुनाव रणनीति बनने वाली है और लोगो व थीम सॉन्ग जारी होने की भी बता कही जा रही है। लेकिन उससे पहले तमाम विपक्षी पार्टियों को अपनी ताकत व कमजोरी का आकलन करना होगा, जमीनी हालात समझने होंगे और भाजपा की ताकत का अंदाजा लगाना होगा। सोशल मीडिया में जो नैरेटिव बन रहा है उसको आधार बना कर अगर विपक्षी पार्टियां कुछ भी तय करती हैं तो वह बहुत घातक हो सकता है। हालांकि विपक्ष की पार्टियों में ज्यादातर नेता मंजे हुए हैं और लंबे राजनीतिक अनुभव वाले हैं लेकिन मुश्किल यह है कि सोशल मीडिया इन दिनों हर व्यक्ति के अंदर किसी न किसी तरह का भ्रम पैदा कर देता है।

सोशल मीडिया में सक्रिय हर व्यक्ति टिटहरी की तरह उलटा लटका है और समझ रहा है कि आसमान उसने थाम रखा है। नेताओं के लाखों फॉलोवर हैं तो वे समझ रहे हैं कि यह उनका जनाधार है। अगर ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस के नेता रोज ये आंकड़े नहीं पेश करते कि राहुल गांधी को सोशल मीडिया में ज्यादा पसंद किया जा रहा है और नरेंद्र मोदी को कम। इसी तरह पत्रकार और विचारक श्रेणी के लोग सोशल मीडिया में पोस्ट लिख कर क्रांति करने का भ्रम पाले हुए हैं। ऐसे पत्रकारों और बुद्धिजीवियों को सोशल मीडिया की प्रतिक्रिया देख कर लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की गाड़ी पटरी से उतर गई है। ऐसा भ्रम इसलिए होता है क्योंकि वे तकनीक को नहीं समझते हैं। सोशल मीडिया का अलगोरिद्म हर व्यक्ति को वही दिखाता है, जो उसको पसंद आता है। इससे सत्ता विरोधी लोग घर बैठे बदलाव की आहट सुनने लगते हैं। सो, मुंबई में जुट रही पार्टियों को इसका ध्यान रखना चाहिए कि वे किसी भ्रम का शिकार न हों और उनकी रणनीति वास्तविक स्थितियों को ध्यान में रख कर बने। वास्तविकता यह है कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट बढ़ा है और पिछले करीब 10 साल में शायद ही किसी राज्य में भाजपा का वोट कम हुआ है। राज्यों में वह हारी है तब भी उसका वोट बढ़ा है या पहले जितना बना रहा है। इस हकीकत को ध्यान में रख कर विपक्ष को अपनी रणनीति बनानी होगी।




भाजपा से लड़ने के लिए विपक्षी पार्टियों ने मोटे तौर पर एक गठबंधन बना लिया है। इस गठबंधन की ज्यादातर पार्टियां पहले भी साथ रही हैं और कई पार्टियां अब भी साथ मिल कर चुनाव लड़ती हैं। सबकी विचारधारा मोटे तौर पर एक जैसी है और राज्यों में वोट आधार भी एक जैसा है। इसलिए उसमें थोड़ी बहुत ऊंच-नीच का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। इसके बाद विपक्ष को केमिस्ट्री, कैंपेन और नैरेटिव की जरूरत है। उसके बाद कैंडिडेट की बारी आएगी। इन चार चीजों के बाद सबसे अंत में चेहरे की जरूरत है, वह नहीं भी हो तो ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। विपक्ष के नेताओं को इस हकीकत को स्वीकार करना चाहिए कि उनके पास नरेंद्र मोदी से मुकाबला का कोई चेहरा नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा के जरिए राहुल गांधी की एक विशिष्ट छवि गढ़ी गई है और उसके बाद देश-विदेश की विस्तारित यात्राओं से वे इस छवि को और मजबूत कर रहे हैं। लेकिन मोदी 13 साल मुख्यमंत्री रहे हैं और साढ़े नौ साल से प्रधानमंत्री हैं। गुजरात से ही उनकी हिंदू हृदय सम्राट की छवि है। मजबूत व निर्णायक नेता के तौर पर उनकी पहचान पिछले कुछ सालों में और मजबूत हुई है। वे राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और मजबूत नेतृत्व तीनों का प्रतीक हैं। इसलिए उनके मुकाबले कोई चेहरा पेश करने की बजाय विपक्ष अगर नैरेटिव पर ध्यान दे तो वह बेहतर होगा।

विपक्ष को मुख्य रूप से नरेंद्र मोदी के दो कार्यकाल के कामकाज पर फोकस करना चाहिए। उनके वादे लोगों को याद दिलाने चाहिए। लोगों से पूछना चाहिए कि अच्छे दिन आए या नहीं? पेट्रोल-डीजल की मार कम हुई या नहीं? महंगाई की मार कम हुई या नहीं? डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत कहां तक पहुंची? कितने लोगों को रोजगार मिला? किसानों की आय दोगुनी करने का क्या हुआ? स्मार्ट सिटी कहां हैं? भाजपा ने 2014 के चुनाव में जितने भी नारे गढ़े थे उन्हें फिर से सामने लाना होगा और लोगों को उसके बरक्स उनकी वास्तविक स्थिति दिखानी होगी। ध्यान रहे यह केंद्र की मोदी सरकार की सबसे कमजोर नस है और इसे प्रधानमंत्री भी समझ रहे हैं। तभी उनकी सरकार ने रसोई गैस सिलिंडर की कीमत दो सौ रुपए घटा कर महंगाई की दिशा मोड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब अगले आठ-नौ महीने सरकार का काम लोगों को राहत देना होगा। नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं, ईंधन के दाम घटाए जा रहे हैं, अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर दिखाई जा रही है, जी-20 से भारत के वैश्विक नेतृत्व की पताका फहराई जा रही है और अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन की तैयारी चल रही है। विपक्ष को इसके बरक्स अपना नैरेटिव गढ़ना होगा। सत्ता विरोध की लहर तैयार करने से लेकर मुफ्त की रेवड़ी बांटने और जाति का गणित बैठाने जैसे कई उपाय हैं, जिन्हें विपक्ष आजमा सकता है।

नैरेटिव के बाद सबसे जरूरी चीज केमिस्ट्री है। यानी पार्टियों के बीच ऐसा रसायन दिखना चाहिए, जिसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक व सकारात्मक हो। ध्यान रहे राजनीति में सबसे जरूरी चीज रसायन है। अगर वह नहीं बना तो बड़ी से बड़ी पार्टियों का गठबंधन धराशायी हो जाएगा। अभी तक भाजपा की ओर से यह प्रचार किया जा रहा है कि विपक्ष की पार्टियों में कोई केमिस्ट्री नहीं है। उनके बारे में कहा जा रहा है कि वे मोदी विरोध के नाम पर इकट्ठा हुए हैं या भ्रष्टाचार के खिलाफ हो रही कार्रवाई से बचने के लिए इकट्ठा हुए हैं या सत्ता के लालच में एकजुट हो रहे हैं। ये तीनों बातें नकारात्मक हैं और विपक्ष की संभावना को कमजोर करने वाली हैं। उन्हें बताना होगा कि वे देश और नागरिकों के हितों के लिए एकजुट हो रहे हैं। उन्हें सत्ता का लालच नहीं है और न केंद्रीय एजेंसियों का डर है। मोदी विरोधी की बात का भी जवाब देना होगा क्योंकि अगर मोदी विरोध का नैरेटिव बना तो भाजपा को बहुत फायदा हो जाएगा। सो, विपक्षी पार्टियों को आपसी मतभेद खत्म करके और अपने हितों को किनारे रख कर अपनी केमिस्ट्री दिखानी होगी।

जिस चीज पर विपक्षी पार्टियों को सबसे कम ध्यान देना होगा वह है कि नेता कौन बनेगा। विपक्ष को नेता पद की बात छोड़ देनी चाहिए। क्योंकि अगर इस बात को लेकर विवाद हुआ कि संयोजक कौन बनेगा, अध्यक्ष कौन बनेगा, मोदी के मुकाबले चेहरा कौन होगा तो उससे पार्टियों की आपसी फूट जाहिर होगी और जनता के बीच यह मैसेज जाएगा कि यह गठबंधन सत्ता के लिए अभी से खींचतान कर रहा है तो जीतने के बाद क्या होगा। इस मामले में एक राय सामने आनी चाहिए। विपक्ष सामूहिक नेतृत्व पेश करे और यह बताए कि वह जनता की तरफ से चुनाव लड़ रहा है। सरकार बनाम जनता की लड़ाई बनाने के प्रयास पर फोकस होना चाहिए। चेहरा सामने आते ही चेहरे की पड़ताल होने लगेगी और तुलना शुरू हो जाएगी। इसलिए विपक्ष को इससे बचना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि हर मसले पर आम सहमति जाहिर हो।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## संतुष्टि

अरे भाई मुझे मत बांधो
अपने साहित्य के बंधन में,
मैं बंधना नहीं चाहता
गीत,कविता,पद,चौपाई,दोहा,
सोरठा,छंद के लपेटे में,
लिखता जरूर हूं पर
अपने अनुभव, अपनी आपबीती,
अपनों के दुख तकलीफ और
हम पर हुए जुल्म तथा अत्याचार,
लिखकर करता रहता हूं प्रतिकार,
अपनी गलती भी करता हूं स्वीकार,
मैं नहीं हूं कोई साहित्यकार,
लिखता हूं इसलिए क्योंकि
कुछ लोग कहते हैं कि
जिंदा रहने और दिखने के लिए दिखूं,
ताकि कल को आकलन हो हमारा
तब मेरी गिनती उन लोगों में
न गिना जाये जो खामोश थे,
अपने आप में मदहोश थे,
जिन्हें अपनों व समाज से
नहीं था कोई खास अनुराग,
सामाजिक मुद्दों पर जो
ले के बैठ जाता था बैराग,
या कोशिश करता था जो
मध्यम मार्ग अपनाने का,
जेब भी भरने व
मामला भी सुलझाने का,
हां मेरी बातों पर कोई ताली नहीं देगा,
सामाजिकता पर मुझे गाली नहीं देगा,
अब आकलन जो भी करे लेकिन
लिखकर आत्मसंतुष्टि
महसूस करता हूं।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

## आत्म बल का साथ

आत्म बल का साथ मिले तो हल होते
असंभव काम।
तिनके का भी एक सहारा हल करते
असंभव काम।।
ऋषियों की ये प्राचीन परम्परा पर्न कूटी
से होता शुरू।
पर्न बिछौना पर्न हीं तकिया और पर्न
आसन का
बनता रूप।।
पर्न कूटी वो पंच वटी का नारायण को
देते छांव।
जानकी के चूल्हे में फिर खड़
पतवार बन जलते आव।।
एक तृण सहायक सीता का जो
लंकापति को डराया था।
आत्म बल के उस गाथा को
सम्पूर्ण जग में पहुंचाया था।।
खर भारी उस अमोग खड्ग से जो
बंधा हुआ मर्यादा के साथ।
काल जई पर भारी पड़ा जब तक रहा
मिथिलेश कुमारी के साथ।।
पर्न सहायक पांडू पुत्रों के बारह वर्ष
वनवास का साथ।
चक्रवर्ती सम्राट युधिष्ठिर पर्न सहायक
अनुजों के साथ।।
राणा के कर्मों का द्योतक दुर्वा का वो
हरा रंग।
घास ही खाना घास बिछौना राणा में
भरता वो रंग।।
जब मन में हो राष्ट्र भक्ति फिर फिकर
कहां उस लाल को।
चाहे तृण का साथ मिला हो पर अर्पण
अपने प्राण को।।



**कमलेश झा**
भागलपुर
बिहार

## रोट्हा मइनसे के रोट्हा लबारी

चुनाव के ठिक्को बतर आय रहय
नेता मन धर्रा रवन पाय रहय
सँझा-बिहनिया रेलम-रेला
मनखे मन के ठेलम-ठेला
इक-दु-चार नइ गोजगिज ले
चार आगर चालीस कोरी आय रहय।
बेरा-कुबेरा हथौरी जोरे मुड़ी नवाय।
किसम-किसम के बखानत रहय
लहजा ले-लेके तानत रहय
ए दफी तुँहर भाग खुल जाहि
गाँ-गली हर सरग बन जाहि
जभे हमला चुनिहा
बिकास तुँहर डेहरी रेंगके आहि।
अवास,पेंसन,लागा-बोड़ी छुट
लाँघन नइ मरा,लइका पोसित होहि,
अंजोर बगरहि जम्मे खुंट
सब्बों बुता म तुमन आगु रहिया
तुँहरेच रहि हाथ-मुँठ
उमर पहागे सुनत ओजना सरकारी
नइ जावय हमर गरीबी बिमारी
मंहगइ बड़हत,रोजी-रोटी के लाले परे हे
फेर रोट्हा मइनसे के रोट्हा लबारी।।



चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापन बनाम बुद्धिजीवी सेलिब्रिटी व्यक्तित्व

» **ऑनलाइन गेमिंग से समाज पर बढ़ते दुष्परिणाम को रेखांकित करना समय की मांग**

» **ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन, सेलिब्रिटी व सर्वोच्च भारतीय सम्मान से नवाजे बुद्धिजीवियों द्वारा करना,उनके व्यक्तित्व को शोभा नहीं देता**

भारत ने एक ओर जहां चांद फतेह कर लिया है और शनिवार 2 सितंबर 2023 को सूर्य के सीक्रेट पता करने आदित्य एल1 मिशन को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है, जिसका काउंटडाउन शुक्रवार 11.50 बजे से ही शुरू कर दिया गया था और विज़न 2047 का जोरदारआगाज़ चल रहा है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लग रहे हैं वहीं घरेलू स्तरपर कुछ ऐसी स्थितियांआ जाती है जिसके बारे में हर भारतीय नागरिक को देश हित सर्वोपरकी तर्ज पर सोचानां होगा विशेष रूप से हर क्षेत्र में भारत की सेलिब्रिटीज हर क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण पद्म विभूषण पानें वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से सोचने के लिए रेखांकित होना होगा कि हमारी छोटी से छोटी असावधानी भी देश पर उंगली उठाने वालों की नजर में आ सकती है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि अभी दो दिन पूर्व महाराष्ट्र के एक भारत रत्न से नवज़ित व्यक्तित्व के घर के सम्मुख पूर्व मंत्री औरविधायक सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने धरना दिया, क्योंकि उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग पर विज्ञापन किया है, जिससे प्रेरित होकर हजारों लाखों नागरिकों इस गेमिंग में जाकर अपना जीवन बर्बाद करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है और कई सैकड़ो लाखों लोगों ने अपना जीवन बर्बाद पहले ही कर दिया हो इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इस बल पर शायद हत्याएं भी हुई हो हालांकि इस के लिए शासन द्वारा भी ऑनलाइन गेमिंग को हतोत्साहित करने के लिए 30 प्रतिशत इनकम टैक्स 28प्रतिशत जीएसटी सहित कुछ कर लगाए हैं। परंतु जरूरत इसे पूर्ण रूप से बैन करने की है इसलिए भारत रत्न से अलंकृत व्यक्तित्व को यह शोभा नहीं देता कि इस तरह की विज्ञापन करें, जिसे रेखांकित करना जरूरी है। इसलिए देश की नज़र उस विधायक और पूर्व मंत्री के धरने पर गई। हालांकि हम टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर देखते भी हैं कि कई बॉलीवुड के नामी सितारों द्वारा भी इस ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन अभी भी जारी है। हालांकि इसमें कोई कानूनी रूकावट या बाध्यता नहीं है परंतु राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की की तर्ज पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा ऐसा विज्ञापन करना शोभा नहीं देताहालांकि इसके पूर्व इस विधायक पूर्वमंत्री द्वारा महाराष्ट्र के माननीय सीएम को इसपर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध भी किया है। अब अनेकों स्थानों शहरों से देखने व सुनने को मिल रहा है कि इन प्रतिष्ठित सेलिब्रिटी और व्यक्तियों द्वारा किए गए विज्ञापन के खिलाफ़, कटोरा लेकर भीख मांगोआंदोलन शुरू किया गया है, कहीं तैयारी शुरू है, कहीं आंदोलन शुरू है। हमारे गोंदिया नगरी में भी भीख मांगो आंदोलन की तैयारी कुछ सामाजिक कार्यकर्ता कर रहे हैं। चूंकि ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन सेलिब्रिटी व सर्वोच्च सम्मान से नवाजे बुद्धिजीवियों द्वारा करना उनके व्यक्तित्व को शोभा नहीं देता, कहीं ना कहीं राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को ठेस पहुंचती है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापन बनाम बुद्धिजीवी सेलिब्रिटी व्यक्तित्व।

साथियों बात अगर हमऑनलाइन गेमिंग विज्ञापनकर्ता एक भारत रत्न के घर पर प्रदर्शन की करें तो, प्रदर्शन करने वाले विधायक नेता ने कहा, ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन भावी पीढ़ी पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं। ऑनलाइन गेमिंग के कारण आत्महत्याएं और हत्याएं हुई हैं। इसलिए भारत रत्न होने के बावजूद इस तरह के विज्ञापन करना उनके शोभा नहीं देता। राज्य मंत्री रहे नेता ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में हमें उनपर पर गर्वहै,लेकिन अगर वह भारत रत्न के रूप में ऐसे विज्ञापन करेंगे तो यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अपील करते हुए कहा, किसी को भी ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन नहीं करना चाहिएइसकी वजह से गरीब, मध्यमवर्गीय समाज तबाह हो रहा है। कई राज्यों ने इस तरह के गेमिंग पर प्रतिबंध लगाया है। हम मुख्यमंत्री से भी अनुरोध करेंगे कि महाराष्ट्र में भी ऑनलाइन गेम पर बैन लगाया जाये। कुछ दिन पहले, उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा भी लिखा था और यहां तक कि मांग की थी कि अगर वह ऑनलाइन गेमिंग जैसी अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखते हैं तो देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न वापस ले लिया जाना चाहिए। उन्होंने उनको चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने तुरंत ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापनों में दिखना बंद नहीं किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बॉलीवुड की एक टॉप फिल्मी सेलिब्रिटी ने कुछ दिनों पहले ऐसे एक ऐप का विज्ञापन किया था।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ऐसे विज्ञापन से समाज और युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ता है। खासकर जब मशहूर हस्ें तों यां इन्ें हें सपोर्ट करती हैं, तो युवा ज़्यादा प्रभावित होते हैं। नार्सि क में भी एक सेलिब्रिटी के खिलाफ प्रदर्शन का बीते दि नों ऐसा ही एक वीडियो आया था। जहां एक शख्स ने विरोध प्रदर्शन का अनूठा तरीका निकाला। एक अन्य फिल्मी सेलिब्रिटी ने भी ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन किया है। इसके विरोध में इस शख्स ने स्कूटर पर बैठकर एक्टर के लिए भीख मांगो आंदोलन शुरू किया,जिसकी अब अनेक नगरों शहरों में करने की तैयारी चल रही है।

साथियों बात अगर हम सरकार द्वारा ऑनलाइन गेमिंग को हतोत्साहित करने के लिए भारी टैक्स लगाने की करें तो, सरकार ने हाल ही में लोगों द्वारा ऑनलाइन गेम खेलने से जीते गए पैसे पर 30 प्रतिशत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) लगाया था। अब, उन्होंने उन गेम के कुल मूल्य पर 28 प्रतिशत काजीएसटी नाम का एक और टैक्स जोड़ दिया है।उच्च टैक्स रेट का मतलब है कि खिलाड़ियों को अपने गेमिंग खर्चों के लिए 28 प्रतिशत ज्यादा भुगतान करना होगा। इसमें खेल में चीज़ें खरीदना टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पेमेंट करना और सब्सक्रिप्शन के लिए पेमेंट करना जैसी चीज़ें शामिल हैं। अभी, ऑनलाइन गेमर्स और पोकर खिलाड़ियों को गेमिंग कंपनी द्वारा ली जाने वाली फीस के अलावा, दांव लगाने या जीतने वाले पैसे पर कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं देना पड़ता था। लेकिन नई सिफ़ारिश के साथ, उन्हें प्रत्येक दांव के कुल मूल्य पर सीधे 28 प्रतिशत कर का भुगतान करना होगा। इसलिए ऑनलाइन गेम और पोकर खेलने के लिए उन्हें ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे।अब, खिलाड़ियों को तीन चीज़ें चुकानी होंगी- पहला, खेल में कुल धनराशि पर 28 प्रतिशत कर। दूसरा, वे जो पैसा जीतते हैं उस पर 30 प्रतिशत टीडीएस टैक्स लगता है। और तीसरा, गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म भाग लेने के लिए अपनी फीस लेगा। इसलिए, गेम खेलने पर खिलाड़ियों को अलग-अलग तरीकों से अधिक पैसे चुकाने होंगे। अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लागू करने के बाद, दांव के विजेता को 100 रुपये- 28 रुपये (100 रुपये का 28 प्रतिशत)- 8.47 रुपये (प्लेटफ़ॉर्म शुल्क) = 63.53 रुपये प्राप्त होंगे। विजेता को 63.53 रुपये-50 रुपये = 13.53 रुपये का लाभ होगा। इसका मतलब है कि मुनाफा 66.17 प्रतिशत कम हो जाएगा। जीएसटी 28 रुपये है, जिसका मतलब है कि विजेता को टैक्स के कारण 28 रुपये कम मिलेंगे।

साथियों बात अगर हम आईटी अधिनियम 2021 की सख़्ती की करें तो, इसे अब लक्जरी आइटम माना जाएगाइस नोटिफिकेशन के माध्यम से, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को गेमिंग सामग्री प्लेटफार्मों और ऑनलाइन विज्ञापनों के लिए नीतियों को विनियमित करने की शक्ति मिल गई है, इससे पहले, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऑनलाइन रियल मनी गेम को विनियमित करने के लिए आईटी नियम, 2021 में एक संशोधन जारी किया था, जहां यूजर्स को खेलने के लिए पैसे का जोखिम उठाना पड़ता था। दरअसल सरकार मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी के बढ़ते मामलों से परेशान है।वित्त मंत्रालय की तरफ से मुख्य तौर पर साइबर क्राइम के चार तरीके के मामले सामने आए हैं, इसके अनुसार पहला मामला क्रिप्टोकरेंसीज, दूसरा मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग है। इसके अलाव म्युल अकाउंट्स और कर्ज देने वाले एप के जरिए लोगों को बेवकूफ बनाया जाता है। ऑनलाइन मीडिया को विनियमित करने का कदम पहली बार मार्च 2018 में तत्कालीन आईबी मंत्री द्वारा शुरू किया गया था जोकि ऑनलाइन स्थान सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 द्वारा शासित है। विदेशों से ऑपरेट हो रही ऑनलाइन कंपनियों को जीएसटी के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकेगा। टैक्स अथॉरिटीज के पास नियम ना मानने वाली कंपनियों पर बैन लगाने का भी अधिकार होगा। केंद्र ने ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं और ऑनलाइन विज्ञापनों सहित सर्विस प्रोवाइडर्स को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत लाने का आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि %ऑनलाइन कंटेंट प्रोवाइडर्स/प्रकाशकों द्वारा उपलब्ध कराई गई फिल्में और ऑडियो-विजुअल कार्यक्रम/कंटेंट को भारत सरकार की दूसरी अनुसूची (व्यवसाय का आवंटन )नियम, 1961 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय शीर्षक के तहत लाया जाएगा।

साथियों बात अगर हम सट्टाबाजी जुवा ऑनलाइन गेमिंग की गतिविधियों को समझने की करें तो, कई राज्य कानूनों में सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा हुआ है, वहीं स्किल से जुड़े कुछ गेम्स को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने कई फैसलों में संवैधानिक रूप से जायज माना गया है। इस कानूनी परिदृश्य में, भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने हाल के दिनों में भारी तरक्की देखी है। हालांकि, इस मौजूदा कानूनी परिदृश्य के बावजूद बीते कुछ वर्षों में इस उद्योग से विभिन्न सामाजिक और आर्थिक चिंताएं उभरकर सामने आई हैं।बच्चों और वयस्कों के बीच लत से जुड़ी चिंताओं के मद्देनजर यूज़र को होने वाले नुकसान, खासकर ऐसी लत के कारण वयस्क यूजर्स को हुए वित्तीय नुकसान;हिंसक या अनुचित सामग्री के चित्रण के लिहाज से कॉन्टेंट से जुड़ी चिंताएं, क्योंकि बच्चों को ऐसी सामग्री या रियल मनी गेम्स तक पहुंचने से रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं हैं;जुए और सट्टेबाजी की विदेशी वेबसाइटों के विज्ञापन भारतीय यूजर्स को निशाना बना रहे हैं,यूजर्स के पैसे की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों की कमी है और किसी सख्त केवाईसी तंत्र के अभाव में मनी लॉन्ड्रिंग संबंधी चिंताएं हैं।विनियमित करने के लिए आईटी नियम, 2021 में एक संशोधन जारी किया है।



एडवोकेट
किशन
सनमुखदास
भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

# सफलता,असफलता जीवन के दो अहम पहलू,आत्मविश्वास का दामन ना छोड़े...

### संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

**दिल ना उम्मीद तो नहीं**
**नाकाम ही तो है,**
**लंबी है गम की शाम मगर**
**शाम ही तो है।**

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है। आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है। देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार में बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फल स्वरुप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।






**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी रायपुर,छत्तीसगढ़,

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

CMYK

# 14 सीटों के दावेदारों से वन-टू-वन मुलाकात करने पहुंची महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष





- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग के चौदह विधानसभा सीटों के कांग्रेसी दावेदारों से वन-टू-वन मुलाकात कर दावेदारी पर उनका पक्ष जानने आखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा अम्बिकापुर पहुंची। छत्तीसगढ में टिकट बंटवारे के लिये बने स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य के तौर पर उन्हें सरगुजा संभाग की विधानसभा सीटों के दावेदारों का मत जानने का जिम्मा मिला है। वे 2 और 3 सितंबर को अम्बिकापुर में रहकर दावेदारों से मुलाकात करेंगी। 2 सितंबर को वे सरगुजा लोकसभा के 8 सीट अम्बिकापुर, लुंड्रा, सीतापुर, सामरी, रामानुजगंज, प्रेमनगर, भटगांव और प्रतापपुर के दावेदारों से मुलाकात करेंगी। 3 सितंबर को वे कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ, बैकुन्ठपुर और भरतपुर-सोनहत एवं जशपुर जिले की जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव सीट के दावेदारों से मुलाकात करेंगी। वे बिलासपुर से सडक मार्ग से अम्बिकापुर पहुँची। इस दौरान बिलासपुर चौक पर सरगुजा जिला महिला कांग्रेस शहर की अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सर्किट हाउस पहुँचने पर जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा ने उनका स्वागत किया। वहां पर उन्होंने संभाग के महिला कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात किया। सर्किट हाउस में जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने उनसे मुलाकात किया। दावेदारों से मुलाकात का सिलसिला जिला कांग्रेस के कार्यालय राजीव भवन में प्रारंभ हुआ। सबसे पहले अम्बिकापुर विधानसभा सीट के दावेदारों से मुलाकात का सिलसिला प्रारंभ हुआ। जिलाध्यक्ष के कक्ष में दावेदारों से वन-टू-वन मुलाकात के दौरान उनकी दावेदारी के उद्देश्य, जनसेवा, चुनावी राजनीति, पार्टी में उनके योगदान, जनमानस में सरकार की छवि आदि से संबंधित सवाल किये गये। इन प्रक्रियाओं में जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के संगठन मंत्री सैयद अख्तर हुसैन, अनूप मेहता, अविनाश कुमार पंकज शुक्ला, शकीला सिद्धकी ने आखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष को कार्यालयीन सहयोग दिया।

### 8 विधानसभा के प्रमुख दावेदार जिनसे मुलाकात हुई

आज 2 सितंबर को सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभाओं के सैकडों दावेदारों से नेट्टा डिसूजा ने मुलाकात की। इनमें प्रमुख रुप से अम्बिकापुर विधानसभा से जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता, हेमंत तिवारी,अनिल सिंह कर्नल,लुंड्रा विधानसभा से मधु सिंह, गंगा प्रसाद, सीतापुर विधानसभा से अनीमा केरकेट्टा, हेमंती प्रजापति, फूलसाय लकडा, मुन्ना टोप्पो, आशा तिर्की ने स्क्रीनिक कमेटी की सदस्य के समक्ष अपनी दावेदारी के समर्थन में अपना पक्ष प्रस्तुत किया। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सामरी विधानसभा सीट से लालसाय मिंज, महेश्वर पैकरा, डॉ सोहन लाल, विजय पैकरा प्रमुख चेहरे के तौर पर राजीव भवन में मौजू थे। वहीं रामानुजगंज सीट से अपने दावेदारी के पक्ष में अम्बिकापुर महापौर डॉ अजय तिर्की के साथ साथ गोविंद सिंह एवं मिखाईल तिर्की मौजूद थे। प्रतापपुर सीट के प्रमुख दावेदारों में विद्यासागर सिंह, त्रिभुवन सिंह, रामदेव जगते, जगत लाल आयाम मौजूद थे। प्रेमनगर सीट से निवर्तमान विधायक खेलसाय सिंह, नरेश राजवाडे, शशी सिंह, मदन जायसवाल, संजय दोषी आदि मौजूद थे। भटगांव सीट के लिये निवर्तमान विधायक पारस राजवाडे, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद, सूरजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाडे, सुभाष गोयल, निति सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य दावेदारों ने नेट्टा डिसूजा से वन-टू-वन मुलाकात किया।

### राहुल गांधी के दौरे का असर

2 सितंबर को रायपुर में राजीव युवा मितान क्लब के सम्मेलन के लिये राहुल गांधी का दौरा होने के कारण कई विधायक एवं मंत्री जिले में मौजूद नहीं थे। केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, डॉ0 प्रेमसाय सिंह, डॉ0 प्रितम राम, वृहस्पति सिंह, चिंतामणि महराज रायपुर प्रवास पर थे। पार्टी से जारी प्रोटोकाल अनुसार उपमुख्यमंत्री श्री टी0एस0 सिंहदेव को राजीव युवा मितान सम्मेलन के लिये अपनी सहभागिता देनी थी, साथ ही रायपुर में महत्वपूर्ण बैठकों के कारण वो अम्बिकापुर में मौजूद नहीं रहेंगे। उनके अतिरिक्त शेष निवर्तमान विधायकों के 3 सितंबर को नेट्टा डिसूजा से मुलाकात की संभावना है।

# नहाने के दौरान ढोढ़ी में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत से पसरा मातम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बकना कला में शुक्रवार की दोपहर कुंदी बांध के नजदीक पानी से लबालब भरे ढोढी में नहाने के दौरान तीन बालिकाओं की डूबने से मौत हो गई। दो बालिकाएं आपस में चचेरी बहन थीं और एक पड़ोस की रहने वाली थी। एक साथ तीन बालिकाओं की मौत से गांव में कोहराम मच गया। तीनों बालिकाएं 5 से 13 वर्ष की थीं। सूचना पर पहुंची लुण्ड्रा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और तीनों शवों का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया।



जानकारी के अनुसार तारा नगेशिया पिता चुकडू नगेशिया उम्र 7 वर्ष, सोभनी नगेशिया पिता सुखदेव नगेशिया उम्र 13 वर्ष और रिनुका नगेशिया पिता ननकू नगेशिया उम्र 5 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बकना कला के रहने वाले थे। रिनुका व तारा दोनों चचेरी बहन थीं और सोभनी पड़ोस की रहने वाली थी। तीनों शुक्रवार की दोपहर गांव के कुंदी बांध के नजदीक पानी से लबालब भरे ढोढी नहाने व कपड़ा धोने गए थे। नहाने के दौरान 5 वर्षीय रिनुका नगेशिया पानी में डूबने लगी। इसे देख तारा व सोभनी उसे बचाने की कोशिश की पर असफल रहे और ये दोनों भी गहरे पानी में डूब गए। काफी देर बाद जब तीनों वापस घर नहीं लौटीं तो रिनुका का भाई आकर देखा तो उसका शव पानी में था। इसे देख उसका भाई घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इधर रात हो जाने के कारण तारा व सोभनी के परिजन दोनों को तलाश नहीं किए। शनिवार की सुबह खेत में काम करने गए एक ग्रामीण ने दोनों बालिकाओं का शव देखकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुचें और दोनों शव को बाहर निकलवाया। सूचना पर लुण्ड्रा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर शव को पीएम करवाकर परिजन को सौंप दिया।

# बाइक और स्कूटी में आमने-सामने भिड़ंत दो युवक घायल

» **घटना के बाद गुस्साए युवक ने मोटरसाइकिल में लगाया आग पुलिस मौके पर पहुंचीं और आग बुझाया**




- संवाददाता -
लखनपुर,02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के बेलदगी मार्ग नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 देवतालाब के सामने 2 सितंबर दिन शनिवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे बाइक और स्कूटी में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे बाइक व स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार उपरांत मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर के वार्ड क्रमांक 01 झीनपुरी पारा निवासी संदीप एकका अपने मोटरसाइकल क्रमांक CG 15 CV 4645 में बेलदगी की ओर से लखनपुर आ रहा था तो वही लखनपुर भुइया पारा निवासि समीर अपने साथी रुस्तम के साथ स्कूटी में सवार होकर देव तालाब की ओर जा रहा था। जैसे ही देव तालाब के सामने बाइक और स्कूटी में आमने-सामने भिड़ंत हो गए। स्कूटी सवार रुस्तम और बाइक सवार युवक संदीप एक्का के सर व हाथ पैरों में चोटे आई। स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल दोनों घायल युवकों को उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया सर में गंभीर चोट होने के कारण दोनों घायल युवकों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। सड़क दुर्घटना के बाद गुस्साये एक युवक ने मोटरसाइकिल में आग लगा दीया सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पानी डालकर आग बुझाया गया। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल व स्कूटी वाहन को जप्त कर लखनपुर थाने लेकर आई है साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अपहरण कर नाबालिक बालिका से बलात्कार करने वाला आरोपी को सश्रम कारावास

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नबालिग बालिका को अपहरण कर बलात्कार करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। जानकारी के अनुसार आरोपी राजा चौहान पिता सोमारू उम्र 21 वर्ष 17 जुलाई 2020 की रात को गांव के ही एक नाबालिक बालिका को उसके घर से अपहरण कर रायपुर ले गया और शादी का सांझा देकर उसके साथ बलात्कार किया था। इस मामले में पीड़िता के पिता ने सीतापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी राजा चौहान को गिरफ्तान कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया था और मामले का प्रकरण अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय में चल रहा था। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश पूजा जायसवाल ने 2 सितंबर को आरोपी के खिलाफ धारा 376 (3) व (ढ) तथा धारा 5 (ठ)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दोष सिद्ध पाए जाने पर सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं।

# 20 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।




अगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आईजी व एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था को कड़ाई से पालन कराने हेतु जिले के सभी थाने व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत कोतवाली, गांधीनगर, मणिपुर, दरिमा, सीतापुर, मैनपाट पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने संजय पार्क स्थित टर्निंग प्वाइंट ढ़ाबा में छापेमारी कर 20 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संचालक शशीभूषण सिंह के खिलाफ धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की है। थाना गांधीनगर पुलिस द्वारा मनेन्द्रगढ़ रोड स्तिथ पप्पू भोजनालय में छापेमारी कर 4 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा थाना मणिपुर, दरिमा, सीतापुर मैनपाट द्वारा आबकारी के 1-1 प्रकरण दर्ज कर कुल 12 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्त किया गया है। चारों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सम्पूर्ण कार्रवाई में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, निरीक्षक राजेश सिंह, निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, निरीक्षक प्रदीप कुमार जायसवाल, विशेष पुलिस टीम से सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, सहित अन्य पुलिस स्टाप सक्रिय रहे।

# दुर्ग के पारंगत कोच पृथ्वीपाल सिंह दे रहे गतका की ट्रेनिंग

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।



सरगुजा जिला में पहली बार डिस्ट्रिक्ट लेवल गतका ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिला से गतका में पारंगत कोच को आमंत्रित किया गया है। दो-दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में 2 से 3 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और डिस्ट्रिक्ट गतका एसोसिएशन ऑफ सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में बार डिस्ट्रिक्ट लेवल गतका ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग जिला से पृथ्वीपाल सिंह और राजवीर सिंह आए हैं इनके द्वारा सरगुजा जिले के खिलाडियों को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी 3 सितंबर की सुबह 7 से 9 बजे तक एवं शाम 3 बजे से गांधी स्टेडियम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ से हरपाल सिंह बाबरा, हरमिंदर सिंह भामरा, आकाशदीप सेठी, चेतन सिंह छाबड़ा, अमरदीप सिंह, रणदीप सिंह छाबड़ा ,हरप्रीत सिंह चावला, रॉबिंस छाबड़ा, मनिंदर सिंह छाबड़ा, परीन परमार, रघुनाथ मुखर्जी उपस्थित थे। आयोजन समिति में रजत सिंह, सुनीता दास, प्रियंका पैकरा, प्रिया जयसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, विक्की, अभिषेक, आयुष, सुलेखा, साक्षी, रागिनी एवं आदि खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बिलासपुर की टीम ने 7 विकेट से जीता मैच

सीएससीएस सिनीयर टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता गांधी स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को बिलासपुर एवं कोरबा मध्य खेला गया। कोरबा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 148 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें जयन्त कैवर्तय ने सर्वाधिक 57 बाल में 78 रनों की पारी खेली एवं आयुष शर्मा ने 23 बाल में 22 बनाए। बिलासपुर कि टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट से जीत हासिल की। अनुराग मिश्रा ने 52 बाल में सर्वाधिक 56 रन बनाकर नॉट आउट रहे एवं अनुज कुमार सिंह 28 बाल में 31 रन बनाकर नॉट आउट रहे। इस तरह बिलासपुर की टीम ने कोरबा द्वारा दिए गए 148 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और यह मैच सात विकेट से जीत लिया। रविवार का मैच कोरबा और सरगुजा के मध्य खेला जाएगा।

# 04 एवं 05 सितम्बर को होगा छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक का जिला स्तरीय होगा आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन 04 एवं 05 सितम्बर को जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों के 0 से 18, 18 से 40 व 40 से अधिक आयु वर्ग के विकासखण्ड व क्लस्टर के विजेता प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। नगर निगम आयुक्त एवं छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक के नोडल श्री अभिषेक कुमार ने सफलतापूर्वक आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन प्रातः 09 बजे से रस्साकशी, लंगड़ी दौड़, 100 मी दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद, पिट्ठूल, फुगड़ी, बिल्लस, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़ का आयोजन होगा, वहीं दूसरे दिन खो खो, कबड्डी, संखली, बांटी कंचा, कुश्ती, भौरा की प्रतियोगिता होगी।

उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर आदेश जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि सभी टीमो हेतु प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर से दल मैनेजर ही टीम लेकर आयेगे। जिन खिलाड़ियों की सूची खेल विभाग को भेजी गई है उसी अनुसार खिलाड़ी जिले में प्रतिभाग करेंगे। यदि किसी प्रकार का परिवर्तन किया गया है तो उसकी जानकारी पंजीयन कक्ष में खेल प्रारंभ होने से पहले देना होगा। प्रत्येक खेल में अलग-अलग आयु वर्ग पूर्व निर्धारित है।

# जिला पंचायत सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक संपन्न

## जानकारी लेने हेतु सभी सेक्टर अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने के लिये दिये गये निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक द्वारा शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समस्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें उनके द्वारा सेक्टर ऑफिसर के कार्य एवं उत्तरदायित्व को विस्तार से बताया गया। सेक्टर ऑफिसर्स को मतदान के पूर्व मतदान केन्द्र के पहुंच मार्ग व मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, मतदान केन्द्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं- भवन की स्थिति, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प की जानकारी लेने हेतु सभी सेक्टर अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने के लिये निर्देश दिये गये।

गौरतलब है कि वल्नेरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग की जानी है, इसके लिए सेक्टर अधिकारियों को वल्नेरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी का चिन्हांकन किस प्रकार किया जाना है, यह बताया गया। सभी सेक्टर अधिकारियों को वल्नेरेबिलिटी प्रपत्र- 2, प्रपत्र- 3 में जानकारी भरने हेतु फील्ड भ्रमण कर इनपुट प्राप्त करते हुए जानकारी इकट्ठा कर शीघ्र ही जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिये गये। सेक्टर अधिकारियों को रूट चार्ट के संबंध में भी जानकारी दी गई। मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए उचित वाहन, मतदान केन्द्रों पर मोबाइल कनेक्टिविटी, कम्युनिकेशन प्लान हेतु कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर प्राप्त करने के बारे में सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए गये। सेक्टर अधिकारियों की बैठक में अपर कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम श्री रवि राही, सहित जिला स्तरीय अधिकारी, एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।





CMYK

# शाही परिवार के धुर आलोचक मोहम्मद अल फायद का निधन,लंदन में बेटे डोडी के साथ दफनाया गया

**लंदन,02 सितम्बर 2023 ।** मिस्र के अरबपति बिजनेसमैन मोहम्मद अल फयाद की इस सप्ताह की शुरुआत में 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अल फयाद के ब्रिटेन स्थित परिवार ने शुक्रवार को उनकी मृत्यु की घोषणा करते हुए कहा कि व्यवसायी का 30 अगस्त को वृद्धावस्था में शांतिपूर्वक निधन हो गया। उनको लंदन की एक मस्जिद में अंतिम संस्कार के बाद उनके बेटे डोडी अल फायद के साथ दफनाया गया। मिस्त्र मूल के मोहम्मद अल फायद अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते थे और खासकर ब्रिटिश शाही परिवार के कट्टर आलोचक थे। बता दें कि साल 1997 में पेरिस में मोहम्मद अल फायद के बेटे डोडी फायद की ब्रिटेन की तत्कालीन राजुकमारी प्रिंसेस डायना के साथ सड़क हादसे में मौत हुई थी। उसके बाद से फायद ब्रिटिश शाही परिवार के तीखे आलोचक हो गए थे।



### फुलहैम क्लब के मालिक

फुलहैम क्लब ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि 30 अगस्त 2023 को मोहम्मद अल फायद का निधन हुआ। फायद साल 1970 में मिस्त्र से लंदन पहुंचे थे। लंदन आने के बाद फायद ने कई बड़े बिजनेस में निवेश किया और लंदन की उच्च वर्ग में अपनी पकड़ बना ली। पेरिस के रिट्ज होटल का मालिकाना हक भी चार दशकों तक मोहम्मद अल फायद के पास रहा।

### ब्रिटिश शाही परिवार के रहे कट्टर आलोचक

मोहम्मद अल फायद का नाम विवादों में भी खूब रहा और उन्होंने सार्वजनिक तौर पर ब्रिटिश नागरिकता के लिए लड़ाई लड़ी। साल 1997 में जब पेरिस में एक कार हादसे में ब्रिटेन की राजकुमारी डायना के साथ उनके बेटे डोडी फायद की मौत हो गई तो मोहम्मद अल फायद मुखर होकर ब्रिटिश राजघराने की आलोचना करने लगे। यहां तक की एक बार उन्होंने ब्रिटिश राजघराने को ड्रैकुला परिवार तक कह दिया था। फायद मानते थे कि उनके बेटे और प्रिंसेस डायना की कार किसी हादसे का शिकार नहीं हुई थी बल्कि उन्हें हत्या की गई थी। मोहम्मद अल फायद ब्रिटेन के दो प्रतिष्ठित संस्थानों- हैरोड्स डिपार्टमेंट स्टोर और फुलहैम फुटबॉल क्लब के मालिक रहे।

# चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना क्या अब ड्रैगन अपने पड़ोस से परे देख रहा

**सियोल (दक्षिण कोरिया), 02 सितम्बर 2023 ।** चीन ने दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक बेड़ा का निर्माण किया है इसमें 340 से अधिक युद्धपोत शामिल हैं। साथ ही हाल तक इसे ग्रीन वाटर नेवी के रूप में माना जाता रहा है, जो ज्यादातर देश के तटों के पास काम करती है, लेकिन चीन के जहाज निर्माण से उसकी समुद्री महत्वाकांक्षाओं का पता चलता है।



हाल के वर्षों में चीन ने खुले समुद्र में काम करने और बीजिंग से हजारों मील दूर प्रोजेक्ट पावर की क्षमता वाले बड़े निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक, जल और जमीन पर हमला करने वाले जहाज और विमान वाहक लॉन्च किए हैं। लेकिन वैश्विक पहुंच बनाए रखने के लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी को अपने घर से दूर ईंधन भरने और अन्य प्रावधानों को पूरा करने के लिए उन समुद्री जहाजों के लिए स्थानों की आवश्यकता होगी।

वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज (एफडीडी) के नए विश्लेषण में कहा गया है कि बंदरगाह तक पहुंच के लिए बीजिंग के बढ़ते दबाव में कंबोडिया में एक नौसैनिक अड्डा बनाने में मदद करना और अफ्रीका के अटलांटिक तट तक सैन्य चौकियों के लिए अन्य संभावित स्थानों की तलाश करना शामिल है।

इसे अर्जेंटीना, एफडीडी रिपोर्ट और क्यूबा जैसे स्थानों में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के केंद्रों द्वारा बढ़ाया गया है, जो अंतरिक्ष की निगरानी और सैटेलाइट्स को ट्रैक करने से लेकर पश्चिमी देशों के संचार पर नजर रखने तक सब कुछ कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन प्रयासों का उद्देश्य चीन की सैन्य पहुंच को बढ़ाना है, क्योंकि वर्तमान में हॉर्न ऑफ अफ्रीका पर जिबूती में केवल एक परिचालन विदेशी नौसैनिक अड्डा है। जबकि चीन का कहना है कि जिबूती का नौसैनिक अड्डा अफ्रीका और पश्चिम एशिया में उसके समुद्री डकैती विरोधी और मानवीय मिशनों का समर्थन करता है।

# अटक जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की बढ़ रहीं मुश्किलें

## पुलिस वकीलों को मुलाकात करने से रोक रही

**इस्लामाबाद,02 सितम्बर 2023 ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ जहां दावा किया जा रहा है कि उन्हें बहुत बुरे हालातों में जेल में रखा गया है। वहीं अब उनसे उनके वकीलों को नहीं मिलने दिया जा रहा। दरअसल, शुक्रवार को उनके वकील शीराज अहमद रांझा और गोहर अली उनसे मिलने जेल पहुंचे थे, जहा पुलिस ने रोक लिया। अटक जेल के अधिकारियों मे वकीलों को मुलाकात करने की अनुमति नहीं दी।



**नेता की सजा निलंबित**


गोहर अली ने बताया कि पीटीआई नेता की सजा निलंबित कर दी गई है और उन्हें सिफर मामले के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेशों के बावजूद खान से मिलने नहीं दिया जा रहा है। वहीं, रांझा ने कहा कि अदालत ने जेल अधिकारियों को आदेश दिया था कि वह पीटीआई प्रमुख और उनके बेटों के बीच फोन पर बात करने की अनुमति दी जाए। इसके बाद भी जेल अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। वह बात करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

**वकील को मिला सिफर मामले का रिकॉर्ड**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख का प्रतिनिधित्व करने वाली कानूनी टीम को कल खान की रिमांड की जानकारी और सिफर मामले का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री की कानूनी टीम को दिया गया था। बता दें, पीटीआई अध्यक्ष के वकील ने अदालत से सिफर केस रिकॉर्ड मांगा था। अदालत द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने के बाद रिकॉर्ड कानूनी टीम को सौंप दिया गया था।

**अटक जेल में स्थानांतरित सिफर मामले की सुनवाई**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख के खिलाफ सिफर मामले की सुनवाई अटक जेल में स्थानांतरित कर दी गई। कानून मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मंत्रालय ने पूर्व प्रधानमंत्री के सिफर मामले की सुनवाई अटक जेल में आयोजित करने को मंजूरी दे दी। गौरतलब है, इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने पीटीआई अध्यक्ष को सिफर मामले में अटक जेल में न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।



# पश्चिमोत्तर सीरिया में चरमपंथी समूह के हमले में नौ सैनिकों की मौत

**दमिश्क,02 सितंबर 2023।** सीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत लताकिया में एक चरमपंथी समूह के हमले में नौ सैनिक मारे गए। एक युद्ध निगरानीकर्ता ने के मुताबिक लताकिया के ग्रामीण इलाके में अल-कुर्द पर्वत में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) से संबद्ध समूह ने सैन्य ठिकानों पर हमला किया ।

ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि सेना की जवाबी कार्रवाई में तीन हमलावर मारे गए। ताज़ा घटना उत्तर-पश्चिमी सीरिया में सीरियाई सेना और एचटीएस के बीच मौजूदा तनाव का हिस्सा है। निगरानी समूह ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी तरह तनाव से नागरिक आबादी को खतरा हो सकता है और विस्थापन की स्थिति पैदा हो सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त को सीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत इदलिब में एचटीएस के हमले में 11 सीरियाई सैनिक मारे गए थे और 20 अन्य घायल हो गए। वहीं, 25 अगस्त को,ग्रामीण इलाके में सेना की कार्रवाई में सात एचटीएस सदस्य मारे गए थे।

# गृह मंत्री सुएला ने पुलिस की सक्रियता-निष्पक्षता की समीक्षा के दिए आदेश,अधिकारियों को पत्र लिख की यह अपील

**लंदन,02 सितम्बर 2023 ।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने शनिवार को देश के पुलिस बलों में सक्रियता और निष्पक्षता की समीक्षा का आदेश दिए और अधिकारियों से राजनीतिक मामलों में शामिल होने के बजाय अपराध से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। 43 वर्षीय भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री ने महामहिम के इंस्पेक्टरेट ऑफ कांस्टेबुलरी एंड फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज (एचएमआईसीएफआरएस) को इस बात की समीक्षा करने के लिए नियुक्त किया है कि राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने से किस हद तक पुलिस की नीति, प्राथमिकताओं और अभ्यास को प्रभावित करके इंग्लैंड और वेल्स में ऑपरेशनल पुलिसिंग की प्रभावशीलता, दक्षता और वैधता पर असर पड़ सकता है।



ब्रिटिश गृह मंत्री के कार्यालय ने कहा कि देश का पुलिसिंग मॉडल उम्मीद करता है कि पुलिस को हर समय राजनीतिक तटस्थता की स्थिति अपनानी चाहिए। ब्रेवरमैन ने कहा, ब्रिटिश लोग उम्मीद करते हैं कि उनकी पुलिस अपराध को कम करने और समुदायों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। राजनीतिक सक्रियता लोगों को सुरक्षित नहीं रखती है, अपराधों को हल नहीं करती है या पीड़ितों का समर्थन नहीं करती है, लेकिन जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा, मैंने जो समीक्षा शुरू की है, उसमें पता लगाया जाएगा कि क्या राजनीतिक रूप से विवादास्पद मामलों में शामिल होने से पुलिसिंग पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। मैं ब्रिटिश जनता के लाभ के लिए पुलिसिंग कार्यों को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। पुलिस प्रमुखों को लिखे एक पत्र में मंत्री ने उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बलों की प्रशंसा की और देश के ऊपर और नीचे के अधिकारियों की असाधारण बहादुरी और प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। हालांकि, उन्होंने ऐसे मामलों का भी उल्लेख किया जिसमें उनका मानना था कि पुलिस द्वारा विवादास्पद मुद्दों में शामिल होने से जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचा है। इसमें सोशल मीडिया पर लिंग-आलोचनात्मक विचारों पर पुलिस का नियंत्रण, राजनीतिक जुलूसों में आचरण और अश्वेत लोगों के जीवन के मामलों को लेकर विरोध-प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों का घुटने टेकना शामिल है।

गृह मंत्री के कार्यालय ने कहा कि निष्पक्षता पर रिपोर्ट मार्च-2024 के अंत तक प्रकाशित होने की उम्मीद है। गृह मंत्री के कार्यालय ने आगे कहा कि समीक्षा गृह मंत्री द्वारा घोषित उपायों की एक श्रृंखला का हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पुलिस ब्रिटिश लोगों की प्राथमिकताओं पर काम कर रही है. उन्हें आवश्यक संसाधन मुहैया करा रही है।

# मैं ट्रांसजेंडर हूं,पापा को मत बताना,मस्क से नाता तोड़ने के बाद बेटी ने आंटी से कही थी ये बात

**वाशिंगटन,02 सितम्बर 2023 ।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर वह अपनी ट्रांसजेंडर बेटी की वजह से चर्चा में आ गए हैं। हाल ही में लेखक वाल्टर इसाकसन ने मस्क के जीवन से जुड़ी एक किताब 'एलन मस्क' प्रकाशित की है। इसमें दावा किया गया है कि मस्क की बेटी ने अपनी आंटी को अपने लिंग परिवर्तन के बारे में बताया था, लेकिन साथ ही अपने पिता को इस बारे में कुछ नहीं बताने को कहा था। तब से ही मस्क अपनी बेटी से नाराज हैं।

**साल 2021 में अलग होने की जताई थी इच्छा**

दरअसल, साल 2021 में मस्क की बेटी जेवियर अलेक्जेंडर मस्क ने कोर्ट में अपना नाम बदलकर विवियन जेना विल्सन रखने और नए जन्म प्रमाण पत्र पर अपनी नई जेंडर आइडेंटिटी दिखाने की अर्जी दी थी। साथ ही अपने बायोलॉजिकल पिता के साथ अलग होने की इच्छा जताई थी।

**किताब से खुलासे**

किताब से पता चलता है कि मस्क की 16 वर्षीय बेटी विवियन जेना विल्सन ने लिंग परिवर्तन के बारे में सबसे पहले अपनी आंटी को बताया था। उसने उन्हें एक मैसेज किया था कि मैं ट्रांसजेंडर हूं और मेरा नाम अब जेना है। साथ ही उसने लिखा था कि इस बारे में पापा को मत बताना।



**स्कूल पर लगाया आरोप**

लेखक इसाकसन ने बताया कि मस्क अपनी बेटी को कम्युनिस्ट बुलाते हैं। उनका मानना है कि विवियन कैलिफोर्निया में अपने स्कूल से प्रभावित थी, जिसके लिए 50 हजार डॉलर हर साल देने पड़ते थे। इसी के चलते उसने रिश्ता तोड़ लिया। मस्क मानते है कि क्रॉसरोड्स स्कूल फॉर आर्ट्स एंड साइंसेज ने उनकी बेटी का ब्रेनवॉश किया, जिससे उसे लगता था कि जो भी अमीर होता है वह बुरा ही होता है।

उन्होंने कहा कि वह केवल समाजवाद में विश्वास करने से आगे बढ़कर पूरी तरह कम्युनिस्ट बन गई और यह सोचने लगीं कि सभी अमीर लोग बुरे होते हैं। बता दें, मस्क की संपत्ति 257.5 अरब डॉलर है। ऐसा नहीं है कि मस्क ने पहली बार इस बारे में कुछ बोला हो, लेकिन उन्होंने इस बार स्कूल पर खासा निशाना साधा है। मस्क ने कहा बेटी से अलग होना उनके लिए दर्द भरा अनुभव है।

# आतंकवादियों और पाकिस्तानी सेना के बीच मुठभेड़, गोलीबारी में मेजर समेत दो जवानों की मौत

**इस्लामाबाद , 02 सितम्बर 2023 ।** अफगानिस्तान सीमा से लगा अशांत उत्तर पश्चिम कबायली जिले में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के एक मेजर और एक जवान मारे गए। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी समूह के आत्मघाती हमले में नौ सैनिकों के मारे जाने के दो दिन बाद घटी।



यह झड़प शुक्रवार को उत्तरी वजिरिस्तान आदिवासी जिले में मियां शाह में तब हुआ जब एक खुफिया सूचना के बाद सेना के जवान वहां तलाशी के लिए पहुंची। घटना पर जारी बयान के अनुसार, आतंकवादियों ने सेना के जवानों पर हमला किया, जिसके कारण दोनों गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इस झड़प में सेना के एक मेजर और एक जवान मारे गए। वहीं मुठभेड़ एक आतंकवादी भी मारा गया और एक अन्य घायल हो गया।

सेना ने बताया कि वजिरिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गुरुवार को टीटीपी समूह द्वारा सेना परकिए गए हमले में नौ जवान मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए थे।

# परवेज इलाही ने IHC में अपनी गिरफ्तारी को दी चुनौती,तत्काल रिहाई का आदेश देने का किया अनुरोध

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान),02 सितम्बर 2023 ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटी आई) के अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही ने शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर (एमपीओ) के तहत अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने पाक मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी।

पाक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही ने अपने वकील अब्दुल रज्जाक के माध्यम से अपनी हिरासत को चुनौती दी है। उन्होंने अदालत में दायर याचिका में गृह सचिव, आईजी पुलिस और अन्य को प्रतिवादी बनाया है। इलाही ने अदालत से एमपीओ के तहत अपनी गिरफ्तारी को रद्द करने और तत्काल रिहाई का आदेश देने का अनुरोध किया है।

इस्लामाबाद पुलिस द्वारा शनिवार को दोबारा गिरफ्तार करने के बाद उन्होंने अदालत में याचिका दायर की। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस्लामाबाद ले जाए जाने के तुरंत बाद, इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) ने पाकिस्तान मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर (एमपीओ) के तहत उन्हें 15 दिनों के लिए हिरासत में लेने का आदेश दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद प्रशासन ने आदेश जारी किया और कहा कि चौधरी परवेज इलाही के कारण कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है क्योंकि वह पीटीआई के प्रमुख पदाधिकारी हैं। इस्लामाबाद पुलिस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इलाही की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए लिखा, जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर परवेज इलाही को तीन एमपीओ के तहत गिरफ्तार किया गया है। परवेज इलाही को जेल में स्थानांतरित किया जा रहा है।



पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी उस वक्त की गई जब लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को चौधरी परवेज इलाही को रिहा करने का निर्देश दिया। इलाही ने भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार करने के एनएबी के कदम के खिलाफ याचिका दायर की थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इलाही को अदालत में पेश किए जाने के बाद लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अमजद रफीक ने फैसले की घोषणा की। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति रफीक ने एनएबी को चेतावनी दी कि अगर इलाही को आज अदालत के सामने पेश नहीं किया गया तो अदालत जवाबदेही निकाय के महानिदेशक के खिलाफ वारंट जारी करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी की पूरी जांच की जाएगी।

न्यायाधीश रफीक ने कहा, मैं परवेज इलाही को तत्काल आधार पर रिहा करने का आदेश दे रहा हूं। 29 अगस्त को पंजाब के पूर्व सीएम ने अपनी हिरासत को चुनौती देने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था और कहा था कि उनकी गिरफ्तारी ने एलएचसी के आदेशों का उल्लंघन किया है। एलएचसी के आदेश में अधिकारियों को किसी भी अज्ञात एफआईआर या लंबित जांच में इलाही को गिरफ्तार करने से प्रतिबंधित किया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एनएबी ने चौधरी परवेज इलाही पर पाकिस्तान के गुजरात शहर में 200 से अधिक विकास परियोजनाओं में बिचौलियों के माध्यम से एक अरब पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) से अधिक रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। शुरुआत में इलाही को गुजरात जिले के लिए घोषित विकास निधि के गबन से जुड़े सात करोड़ पीकेआर के भ्रष्टाचार मामले में एक जून को उनके घर के बाहर गिरफ्तार किया गया था। तब से वह विभिन्न आरोपों में जेल में बंद हैं। कोर्ट के आदेश के बाद पीटीआई अध्यक्ष को कई बार रिहा किया जा चुका है।

हालांकि, हर बार उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

CMYK

# जिस विधायक के नेतृत्व में जनपद हारे...जिला पंचायत हारे...और जीती हुई नगर पालिका भी हारे...क्या उसी विधायक पर दांव लगाना चाह रही है कांग्रेस?

## क्या बिना जनाधार वाले विधायक पर दांव लगाना कांग्रेस की मजबूरी?

## विधायक की छवि विधानसभा में कैसी बनी हुई है यह सभी भली-भांति जानते हैं पर क्या उच्च स्तर के नेता नहीं जानते?

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर, 02 सितंबर 2023, (घटती घटना)

पांच सालों में एक बार आने वाला त्यौहार फिर आने वाला है जिसे लेकर जोर आजमाइश जारी है बात करते हैं कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा की जहां के विधायक का भी पांच साल का कार्यकाल पूरा होने को है और दोबारा मौका मिले इसके लिए उनका प्रयास भी पूरी तरह जारी है, प्रयास बोला जाए या फिर तय माना जाए? यदि समीकरणों को माने तो और पांच साल के कार्यकाल का मंथन करें तो इनके नेतृत्व में बैकुंठपुर जनपद पंचायत में हार पार्टी को मिल चुकी है,जिला पंचायत में भी इनके नेतृत्व में हार का ही सामना पार्टी ने किया है,पूर्ण बहुमत से पार्षद जीतकर आने के बाद भी बैकुंठपुर नगर पालिका अध्यक्ष का पद और शिवपुर चरचा नगरपालिका के उपाध्यक्ष का पद भी इन्हीं के नेतृत्व में पार्टी हार चुकी है वहीं बात करें जिला पंचायत सदस्य के उप चुनाव परिणाम की तो उसमें भी पार्टी समर्थित प्रत्याशी की बुरी तरह हार हो चुकी है फिर भी उनके ऊपर कांग्रेस दाव लगाने को तैयार है, आखिर ऐसा क्या है कि कांग्रेस उन पर दांव लगाना चाहती है? यह सवाल इस समय पूरे विधानसभा के लोगों में मन मे उठ रहा है, यदि आप क्षेत्र का दौरा करें तो सब यही जानना चाहते हैं कि आखिर उनकी उपलब्धि क्या है? संगठन के लिए उनकी उपलब्धि क्या है? पार्टी के लिए उनकी उपलब्धि क्या है? और क्षेत्र की जनता के लिए उनकी उपलब्धि क्या है? और क्षेत्र के जनता के प्रति इनका व्यवहार कैसा है? तमाम सवाल इस समय लोगों के मन मस्तिष्क में तैर रहे हैं पर जवाब में एक ही बात है की 2023 का चुनाव तो यही लड़ेंगी और ऐसा लग रहा की इनका नाम पूरी तरह से तय है और इन्हीं पर ही कांग्रेस का भरोसा है फिर भी लोग हाथ पैर मार रहे हैं कि शायद उच्च स्तरीय नेताओं को समझ में आ जाए की स्थिति बैकुंठपुर विधानसभा की क्या है और वह अपना निर्णय बदलते हुए किसी अन्य को जो टिकट के लिए उम्मीदवारी के लिए दौड़ लगा रहें हैं को मिल जाए।



फाईल:फोटो

### विधानसभा चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी का माहौल

विधानसभा चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी का माहौल है और गहमागहमी के माहौल में प्रत्याशी चुनाव भी अपने आप में एक चुनौती है और सबसे बड़ी चुनौती तो बैकुंठपुर विधानसभा के लिए कांग्रेस को और भाजपा दोनों को प्रत्याशी चुनना काफी टेढ़ी खीर बना हुआ है इन दोनों पार्टियों के इस विधानसभा में अच्छे प्रत्याशी उतरना अत्यंत जरूरी है जहां भारतीय जनता पार्टी से पहले नाम पूर्व कैबिनेट मंत्री भईया लाल राजवाड़े का आ रहा है तो दूसरा और तीसरे नाम पर देवेंद्र तिवारी व शैलेश शिवहरे का माना जा रहा है, पर वही कांग्रेस की माने तो प्रत्याशी तो 52 है जिन्होंने दावेदारी भी पेश कर दी है पर अंदर खाने में यह माना जा रहा है कि वर्तमान विधायक का ही टिकट तय है और कांग्रेस पूरा मन बना चुकी है और उन्ही के ऊपर वह दांव लगाएगी और चुनाव लड़ेगी।

### क्या वर्तमान विधायक को टिकट मिलने पर कोई करिश्मा ही जीत सकता है?

वैसे यदि क्षेत्र के मतदाताओं की माने तो वर्तमान विधायक के पक्ष में चुनाव परिणाम तभी जा सकता है जब कोई करिश्मा होने की संभावना बन पाएगी वरना फिलहाल वह कहीं भी चुनाव के परिणामों में जीत की स्थिति में नहीं हैं। अधिकांश समर्थक उनके पुराने उनका साथ छोड़ चुके हैं वरिष्ठ कांग्रेसी साथ ही अधिकांश कार्यकर्ता पांच सालों की उपेक्षा की भी सूची लिए घूम रहे हैं और ऐसी स्थिति में वर्तमान विधायक के लिए चुनाव कितना आसान होगा समझा जा सकता है। क्षेत्र में अब पांच सालों तक विधायक की सक्रीयता भी शून्य ही कही जा सकती है वहीं उनके साथ आज की स्थिति में समर्थकों की संख्या की यदि बात की जाए तो वह भी उंगलियों में गिन लिए जाने वाली स्थिति में है जो उनके सोशल मीडिया में जारी तस्वीरों से समझा जा सकता है। कुछ उनके साथ ऐसे भी समर्थक नजर आ रहे हैं आजकल जो कब किधर होंगे यह वह खुद भी नहीं जानते और आज विधायक के खास हैं और जिससे भी पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं।

### वरिष्ठ कांग्रेस जनों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच विधायक नहीं हैं प्रत्याशी बतौर स्वीकार

बैकुंठपुर विधानसभा की यदि बात की जाए वर्तमान विधायक की यदि बात की जाए तो वह पार्टी के ही वरिष्ठ जनों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच प्रत्याशी बतौर स्वीकार्य नहीं हैं जो अधिकांशतया सुना देखा जा रहा है। 52 दावेदारों में यह भी माना जा सकता है की उनके पक्ष में ही अधिकांश अपना समर्थन देंगे लेकिन वह उन्हीं के द्वारा प्रायोजित प्रस्तुत नाम है जिनमे वह नाम भी शामिल हैं जो उनके यहां किसी लाभ से जुड़े हुए हैं शेष अन्य दावेदार विधायक के पक्ष में जाकर जनता से मत मानने का काम दिल से करेंगे यह कहना जल्दबाजी होगी वैसे असंभव है ऐसा कहना गलत नहीं होगा। यदि वर्तमान विधायक ही चुनाव लड़ती हैं तो उन्हें सबसे पहले कार्यकर्ताओं से ही अपना चुनाव प्रचार आरंभ करना होगा जो उनके लिए पार्टी के लिए चुनौती होगी क्योंकि उन्हें शून्य की स्थिति से आगे बढ़ना होगा।पार्टी के वरिष्ठ जन हों या आम कार्यकर्ता सभी ने पांच साल का वनवास ही देखा है झेला है उन्हे विधायक से दुत्कार ही मिली है जो वह खुद जगह जगह स्वीकार करते सुने जा सकते हैं और उनका मानना भी है की वह विपक्ष में जिस स्थिति में थे सत्ता में आने के बाद वर्तमान विधायक के कार्यकाल में उनकी स्थिति उससे बद्तर रही है और वह विपक्ष से भी बद्तर स्थितियों से गुजरते चले आ रहे हैं।

### विधायक के ही समर्थन में दावेदारी करने वाले कई इस आस में भी कहीं उनका नंबर न लग जाए,यह उनकी रणनीति?

विधायक के समर्थन में अधिकांश दावेदारी प्रायोजित रूप में कराई गई है,विधायक के पक्ष में समर्थन की बात आयेगी तो यह देखा जा सकता है की किसके पक्ष में कितने लोग सहमत हैं और चूंकि मामला प्रायोजित वाला है ऐसे में अधिकांश उन्हीं के समर्थन में जाने का दावा पेश करेंगे यह तय है,लेकिन अंदर खाने की बात माने तो उनके ही कुछ करीबी खास समर्थक जिन्होंने उनके समर्थन के उद्देश्य से दावेदारी की है वह यह भी आस लगाए बैठे हैं की कहीं यदि विधायक का नम्बर नहीं लगा और बात नए चेहरे पर दांव लगाने की आए तो उन्हीं का नाम न ऐलान हो जाए और उन्हे मौका मिल जाए,वैसे इसकी संभावना कम है और यह उनकी सोच है जो दावेदारी विधायक के समर्थन में किए हुए हैं।

### पांच सालों तक बैकुंठपुर विधायक व संसदीय सचिव मुख्य अतिथि बनने को तरसती रही,फिर भी विधायक प्रत्याशी बना तय कैसे?

बैकुण्ठपुर विधायक व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन पांच सालों तक किसी भी बड़े शासकीय आयोजन में किसी उत्सव दिवस अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने को तरसती रही पर एक दो मौका ही मेले होंगे बाकी तो वह तरसती रह गई, इसके पीछे की वजह जो भी हो लेकिन उन्हीं के विधानसभा के जिला मुख्यालय में उन्हे सरकार ने कभी मुख्य अतिथि बनने का मौका नहीं दिया। कुल मिलाकर इस मामले में विधायक उपेक्षित ही बनी रहीं,आज बैकुंठपुर विधायक भले विधानसभा से टिकट की सबसे प्रबल दावेदार हैं उनका टिकट भी लगभग तय है जैसा बताया जा रहा है अब ऐसे में यह बात उठेगी जरूर की क्यों आखिर उन्हे किसी कार्यक्रम में सरकार की तरफ से जारी होने वाले मुख्य अतिथि सूची में पूरे पांच साल जगह नहीं मिला? और अचानक आखिर बड़े नेताओं को दिल कैसे पिघल गया कि उन्हें फिर से प्रबल दावेदार मानने लगे, अंदर खाने में ऐसा क्या परिवर्तन हुआ की 5 साल की कमियों को दरकिनार कर दोबारा मौका देने की कवायत शुरू हो गई है

### विधायक बांट रहीं हैं छतरी,आगे क्या कुछ और भी बांटकर वह जनता को करेंगी आकर्षित,स्व कुमार साहब इन्हीं विषयों के थे विरोधी

वर्तमान विधायक खुद जान रहीं हैं उनके लिए चुनाव जीत पाना इस बार इतना आसान नहीं है,पिछली बार विरोधी लहर में उन्हे जीत मिल सकी थी और उन्हे क्षेत्र का आम चुनावों का वह अनुभव नहीं मिल सका है जो आम स्थितियों में साथ ही जब खुद की सरकार के कार्यकाल के बाद जनता के बीच जाकर दोबारा समर्थन मांगने के दौरान जो स्थितियां सामने आती हैं वह कैसी होती हैं,पिछला चुनाव उनके लिए आसान था इस बार उन्हे जनता के बीच अपनी उपलब्धि बतानी होगी और जनता उसके बाद समर्थन का फैसला लेगी,जनता भी पांच सालों का हिसाब लिए बैठी है,विधायक इधर छतरी भी बांट रही हैं और लोगों को खुद की तरफ आकर्षित कर रही हैं लेकिन जनता छतरी और अन्य प्रलोभनों से कितना उनके पक्ष में जायेगी यह आने वाला चुनाव परिणाम बताएगा वैसे स्व कुमार साहब चुनाव में मतदाओं के बीच प्रलोभन के वितरण के विरोधी थे और इस तरह विधायक उनके भी पदचिन्हों से अलग जाकर काम कर रही हैं,अब क्या क्या और बंटेगा और किन प्रलोभनों से जनता को वह अपने पक्ष में करने का प्रयास करेंगी यह तो आने वाले वक्त में दिखेगा लेकिन जनता प्रलोभन लेकर भी क्या उनके पक्ष में मतदान करेगी यह कहना जल्दबाजी होगी।

### विधायक ने पांच सालों में क्षेत्र से ज्यादा समय राजधानी सहित अन्य जगहों को दिया,जनता के बीच कम पहुंच सकीं विधायक

विधायक का पूरा कार्यकाल यदि क्षेत्र में उनके भ्रमण के हिसाब से देखा जाए तो उन्होंने क्षेत्र में कम ही समय दिया,वह अधिकांश तौर पर क्षेत्र से बाहर ही रहीं और वह राजधानी सहित भ्रमण पर ही हैं ऐसा लोग सुनते रहे। जनता ने अपने प्रतिनिधि को कम ही अपने बीच पाया जो उनकी सबसे बड़ी कमजोरी रही,अब वह जनता को इसको लेकर क्या सफाई देंगी वह मंचो से सुना जा सकेगा यदि वह चुनाव लड़ती हैं वैसे उन्हे यह तो तय है जनता के सवालों से गुजरना पड़ेगा कई जगह उन्हे निरुत्तर होते देखा सुना जायेगा जो अभी से जनता की तैयारी में शामिल सवाल नजर आ रहे हैं।

### पार्टी से सरकार से जनता नाराज नहीं,विधायक से जनता का जुड़ाव कायम न हो सका

प्रदेश की वर्तमान सरकार का जनता उतना विरोध क्षेत्र में नही कर रही जितना क्षेत्रीय विधायक का कर रही है।। जनता मानती है कहती है की विधायक का जुड़ाव जनता से नहीं हो सका वह एक निश्चित दूरी बनाकर चलती रहीं और इसका खमियाजा उन्हे भुगतना होगा जो जनता उन्हे चुनाव परिणाम से साबित करेगी,जनता की माने तो उनके और विधायक के बीच संवाद हीनता बनी रही,कुछ खास लोगों के अलावा पार्टी के ही नेता जो ग्राम स्तर के हैं उनके साथ ही जब विधायक का संवाद नही है तो आम जनता तक उनका पहुंचना इतना आसान नही।

### अपने स्वयं के वार्ड पार्टी के पार्षद प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सकीं, विधायक के निवास स्थल के आस पास के दो वार्ड में भी मिली थी हार

नगर पालिका चुनाव की बात की जाए वह भी बैकुंठपुर नगर पालिका चुनाव की तो विधायक अपने वार्ड से जिसका क्रमांक 9 है से जहां वह खुद मतदाता हैं से पार्टी से पार्षद पद के प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सकीं थीं,वार्ड क्रमांक 9 जिसे पहले कांग्रेस पार्टी का गढ़ वार्ड कहा जाता था वहां कांग्रेस प्रत्याशी को 9 मतों से पराजय का सामना करना पड़ा था वहीं विधायक के निवास से ही लगे हुए कहने का तात्पर्य पैलेश से लगे हुए दो अन्य वार्डों में भी पार्टी प्रत्याशी हार गए थे जिसमें वार्ड क्रमांक 19 और 20 शामिल हैं एक में निर्दलीय ने बाजी मार ली थी।। इन्हीं में से एक वार्ड ऐसा भी है जो पैलेस से लगा हुआ है और वहां मंडी अध्यक्ष एवम विधायक के खास समर्थक उनके प्रतिनिधि भी निवास करते हैं। कुल मिलाकर विधायक आज की स्थिति में अपने वार्ड में ही सबसे ज्यादा कमजोर हैं और जो एक बड़े चुनाव में बड़ी पार्टी की तरफ से उन्हे मौका देने के मामले में सवाल खड़ा करता है।

# पुलिस स्टाफ की कमी से जूझ रहा जिला एमसीबी:महेश प्रसाद

## एक ही महिला स्टाफ पर निर्भर पूरा जिला

-संवाददाता-

मनेंद्रगढ़,02 सितंबर 2023

(घटती घटना)

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के मनेंद्रगढ़ विधान सभा प्रत्यासी महेश ने कहा आजादी को 76 वर्ष गुज़र गए पर देश का विकास तो छोड़ अच्छी सुरक्षा नही दे पाए इस सरकार पास रोजगार देने का एक मौका था नई भर्ती करके रोजगार दिया जा सकता था मामला चिरमिरी थाना का है आप को बता दे थाना चिरमिरी में स्टाफ की कमी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बात करे मनेंद्रगढ़ झगरा खान्ड पोड़ी का भी यही हाल है जो जनता के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो पुलिस रातभर जागने का काम करती है आम जनता की सुरक्षा को लेकर तैनात रहती है शायद छत्तीसगढ़ की सरकार यह भूल गई की पुलिस का भी एक परिवार होता है उनके भी बच्चे होते है वो भी अपने परिवार के साथ दो पल बिताना चाहते है चौबीस घंटे ड्यूटी के बाद भी तत्काल बुला लिया जाता है इनका दर्द शायद सरकार को नही दिखाई देता चिरमिरी में लगभग टी आई समेत कुल 25 स्टाफ है जिसमे से 1 महिला आरक्षक स्टाफ है जो पूरे जिले में कार्य करती है क्या इन सत्ता धारियों को कभी दिखाई देता है आज चिरमिरी क्षेत्र में महिला स्टाफ की कमी है एक महिला पूरे जिले के काम को देखती है पांच से सात वर्ष पहले जाए तो चिरमिरी में लगभग 40 से अधिक स्टाफ थे इनकी सरकार आने के बाद पुलिस स्टाफ की कमी पूरे जिले में हो गई आज क्राइम का आंकड़ा देखते हुए इस सत्ताधारी सरकार को नही नजर आ रहा अगर कोई बड़ी घटना हो जाए तो इसका जवाब देय कौन होगा यह एक सबसे बड़ा सवाल है आलम यह है चिरमिरी का हाल जैसा सभी जिले में है ये सरकार रोजगार की बात करती है पर रोजगार के नाम पर असफल रही यह सरकार नई भर्ती करके रोजगार बढ़ाया जा सकता है एक एक पुलिस वाले एक वर्दी में न जाने कितने घंटे गुजार देते है इनकी तकीफो को कौन सुनेगा ऐसी एयर कन्डीशन में रहने वाले सत्ताधारी शायद यह भूल गए समय की आवाज में बहुत ताकत होती है वो समय दूर नहीं जब जनता जवाब देगी जनता अब जागरूक हो चुकी है चंद चिजो में जनता अब नही बिकेगी।



# कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह का आकाश में उड़ा आकर्षक बैलून

### छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में यह पहला अजूबा बैलून

### मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी के लिए चर्चा का कोतुहल का विषय बना रेणुका सिंह का बैलून

### रेणुका सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष ने विपक्षीयो की बढ़ाई चिंता







-संवाददाता-

बैकुण्ठपुर/मनेंद्रगढ़, 02 सितंबर 2023

(घटती घटना)

छत्तीसगढ़ में जहां धीरे धीरे चुनाव नजदीक आते जा रहा है वैसे ही संभावित उम्मीदवारो के द्वारा अपने अपने चुनाव क्षेत्र में जन संपर्क के साथ साथ नए नए अजूबे पेस कर रहे है। हाल ही में मनेद्रगढ विधानसभा में एक अजूबा देखने के साथ साथ कोताहुल का विषय बना हुआ है जिसमे सयुक्त जिला कोरिया के जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के फोटो के साथ मनेद्रगढ और चिरमिरी के आसमानो में बैलून उड़ता देखा जा सकता है जो हर चौक चौराहा में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों की माने तो मनेद्रगढ विधानसभा में कमल खिले या ना खिले ये भविष्य के गर्भ में टीका है परंतु सरल,सहज और लोगो की आवाज रेणुका सिंह ने या कहे उनके प्रशंसकों के द्वारा आसमान में भारी भरकम कमल खिला कर के बैलून उड़ा के अपनी उम्मीदवारी के साथ ही विपक्षीयो को चिंता में डाल दिए है।

रेणुका सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष के परिवार से ही सन 2000 में सीधी लोकसभा चुनाव में आजादी से पहली बार खड़गवां से चंद्र प्रताप सिंह बीजेपी ने टिकट दे कर विश्वास किया और उन्होंने जीत हासिल की और पुनः दुबारा टिकट बीजेपी से मिला और दुबारा जीत हासिल किए थे। यदि बीजेपी ग्रामीण क्षेत्र से रेणुका सिंह को जो अभी जिला पंचायत अध्यक्ष है उनको टिकट मिलती है तो ऐसा विश्वास है की मनेद्रगढ विधानसभा का यह सीट बीजेपी को मिल सकता है। यही जीत के प्रयास को रेणुका सिंह ने अपना और बीजेपी को नया पहचान देने का प्रयास किया है। खैर टिकट और जीत भविष्य के गर्भ में है लेकिन रेणुका सिंह के बैलून ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में अजूबा बना हुआ है।




## मनेन्द्रगढ़ विधानसभा अलग ही चल रही राजनीति पक्ष विपक्ष का आरोप प्रत्यारोप जारी




# क्या मनेन्द्रगढ़ के पूर्व व वर्तमान विधायक एक दूसरे की छवि धूमिल करने की कर रहे प्रतिस्पर्धा ?

### एक दूसरे को नीचा दिखाने में पूर्व व वर्तमान विधायक राजनीति के अखाड़े में

### वर्तमान विधायक ने अवैध कारोबारियों को संरक्षण के साथ पैसों के लेन-देन की पूर्ण संलिप्ता का आरोप पूर्व विधायक एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष पर लगाया

### वहीं पूर्व विधायक ने वर्तमान विधायक विधायक के भाई पर आदिवासी युवक की हत्या के मामला दर्ज होना पर अपनी जीत बताई

## सार्वजनिक मंच लगा डॉ. विनय ने की प्रेस वार्ता,जारी किया भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं कोल माफिया के बातचीत का ऑडियो क्लिप

-रवि सिंह-
चिरमिरी,02 सितंबर 2023
(घटती घटना)



मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में पक्ष विपक्ष की राजनीति पूरी सवाब पर है, यहां पर पूर्व वर्तमान विधायक के बीच एक दूसरे की छवि को जमीन दोज करने के लिए प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है, जो पिछले तीन सालों से काफी तेज दिख रही है, साथ ही चुनाव के नजदीक आते और भी तेज हो चली है, यही वजह है कि दोनों एक दूसरे के छवि को पूरी तरीके से जमीन दोज कर देना चाहते हैं, अब देखना यह होगा की सबसे पहले कौन किसकी छवि को जमी दोज करता है? प्रतिस्पर्धा शुरू है और लगता है यह प्रतिस्पर्धा विधानसभा के नतीजे के बाद ही खत्म होगी, अभी की ताजा मामले में वर्तमान विधायक ने पूर्व विधायक व भाजपा के मण्डल अध्यक्ष पर बड़ा आरोप लगाते हुए एक ऑडियो रिलीज कर दी है, ऑडियो किसकी है इसकी पहचान छुपा कर वर्तमान विधायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की, प्रेसवार्ता में उन्होंने छुपाया भी तो उसे व्यक्ति की पहचान छुपाई जो अवैध कारोबारी है और उजागर किया तो सिर्फ अपने प्रतिद्वंदी के नाम को। जिसे लेकर वर्तमान विधायक पर ही कई सवाल खड़े हो चुके हैं, जिसमें से पहले सवाल यह भी है कि यदि विपक्ष के नेता अवैध कारोबारी को संरक्षण दे रहे हैं तो फिर जिनकी सत्ता और सरकार है वह उसे संरक्षण को नीस्त-ओ-नाबूद क्यों नहीं कर पा रहे? पूर्व विधायक वर्तमान विधायक के भाई को लेकर हमले पर हो चले हैं और आरोपी की झड़ी लगा दी है।

### फर्जीवाड़ा करने में माहिर है वर्तमान विधायक

भाजपा मंडल अध्यक्ष के वायरल आडियो को लेकर श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा की ये कांग्रेस पार्टी शुरू से ही अपने प्रतिद्वदियों के खिलाफ फर्जी आडियो/वीडियो बनाने में माहिर रही है, दलित नेता बाबू जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए उनके बेटे को फर्जी स्कैंडल में फसाने में कामयाब रहे। वहीं छत्तीसगढ़ में भी फर्जी सीडी कांड पिछले चुनाव से पूर्व भी आप सभी ने सुना और देखा था ऐसे कई उदाहरण मौजूद है कांगेस सरकार के। लेकिन मै आपसे इतना कहना चाहता हूं कि विधायक विनय जायसवाल अपना मांसिक संतुलन खो चुके है, क्योंकि उनके भाई के उपर भाजपा के निरंतर दबाव के बाद खड़गवां थाना में अभी गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हुआ है। तो स्वभाविक है इसकी टीस तो कहीं न कहीं वो निकालेंगे ही। इसीलिए उन्हे फर्जी स्क्रिपटेड आडियो/विडियों का इस्तेमाल करना पड रहा है। यदि विडियों सही होता तो जो कोयला तस्कर है उसका चेहरा नहीं छुपाते और कोयला तस्कर को बचाते नहीं विधायक विनय जायसवाल, बल्कि इस आधार पर कोयला तस्कर के खिलाफ कार्यवाही करवाते। खैर मेरे खिलाफ व भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विगत 5 वर्षो में विधायक विनय जायसवाल के द्वारा छवि धूमिल करने का अथक प्रयास किया गया, लेकिन उन्हे कभी सफलता नहीं मिली।

### भाजपा के प्रयास से विधायक के भाई के ऊपर आदिवासी युवक की हत्या का मामला दर्ज

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल के भाई के क्रेसर में आदिवासी युवक की मौत के मामले में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास आंदोलन के बाद अंततः विधायक के भाई विनोद जायसवाल के उपर थाना खड़गवां में 304 ए, 287 भादवी के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज होने के साथ ही मृतक के आश्रित परिवारजनों को श्रम विभाग द्वारा क्रेसर संचालक को 9 लाख 94 हजार रूपए प्रदान करने का आदेश दिया गया है। भाजपा कार्यालय बड़ा बाजार में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि विधायक विनय जायसवाल के भाई के खड़गवां में अवैध रूप से संचालित क्रेसर में 4 जून 2023 को क्रेसर में दबने से नागपानी निवासी आदिवासी भाई आनंद सिंह उर्फ राजू सिंह उम्र 30 वर्ष की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद आनन फानन में सत्ता के दबाव में विधायक के भाई को बचाने के लिए पुलिस के द्वारा केवल मर्ग कायम कर खाना पूर्ति कर ली गई थी। लेकिन मामले के संज्ञान में आने के बाद से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निरंतर धरना आंदोलन एवं घेराव करके मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का अथक प्रयास किया गया। लेकिन सत्ता के दबाव में 3 महिने के बाद विधायक के भाई क्रेसर संचालक विनोद जायसवाल के उपर खड़गवां पुलिस ने अपराध क्रमांक 355/2023 आईपीसी 304ए, 287 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का जो प्रयास किया था अंततः वो पूर्ण हुआ है। सत्ता के दबाव में जो कार्यवाही 3 महीने तक लंबित रही उसे उसके अंजाम तक पहुचाने के लिए हर संभव प्रयास भाजपा द्वारा किया गया है। इसके साथ ही श्रम विभाग के द्वारा भी मृतक के आश्रितों को 9 लाख 94 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान करने आदेश जारी कर क्रेसर संचालक को राशि श्रम विभाग में जमा करने को कहा गया है। मृतक के परिजनों को सहायता राशि भी जल्द से जल्द प्रदान नहीं किया जाता है तो आगामी समय में हम श्रम विभाग के कार्यालय का घेराव कर मृतक के परिजनों को सहायता राशि प्रदान कराने का भी पूर्ण प्रयास करेंगे।

### ➡ एलसीडी लगा पुरे शहर में दो बोतल शराब के साथ एक लाख रुपए लेने देने वाले ऑडियो क्लिप का हुआ प्रसारण...भाजपा मंडल के कई पदाधिकारियों की आवाज और नाम का सीधा प्रसारण

### ➡ डॉ.विनय जायसवाल भाई पर मामला बनने से बौखलाहट में मानसिक संतुलन खो बैठेःश्याम बिहारी

### ➡ मेरे द्वारा 500 नही 25 एकड़ आदिवासी जमीन विधायक बनने के बाद हड़पना साबित करें तो छोड़ दूंगा राजनीतिः श्याम बिहारी



## मैने किसी की भी जमीन हड़पी होती तो कोई एक प्रकरण तो राजस्व न्यायालय में मेरे खिलाफ दर्ज होता

पूर्व विधयाक श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा की कुछ दिनों पूर्व उनके द्वारा कहा गया था कि मेरे द्वारा 500 एकड़ आदिवासी जमीन हड़प ली गई है। आप सभी को मालूम होगा कि किसी भी व्यक्ति की एक इंच जमीन आप यदि ले लेंगे तो व्यक्ति राजस्व न्यायालय की शरण में पहुंच जाता है। यदि मैने किसी की भी जमीन हड़पी होती तो कोई एक प्रकरण तो राजस्व न्यायालय में मेरे खिलाफ दर्ज होता.? विधायक विनय जायसवाल अभी सत्ता में है मेरे संपत्ति का विवरण मेरे निर्वाचन शपथ पत्र में आन लाईन है, कुछ भी गलत होता तो आज तक मेरे विरूद्ध मामला पंजीबद्ध नहीं होता क्या.? विधायक विनय जायसवाल को अपनी घटती लोकप्रियता और आम जनमानस के बीच शुरू हो चुके उनके विरोध की भनक लग चुकी है और उन्हे अपनी हार निश्चित दिखाई देने लगी है तो वे अब ऐन केन प्रकरेण किसी भी तरह से अपनी खराब होती छवि को बचाने के लिए बिना सिर पैर के आरोप लगाने लगे है। विधायक विनय जायसवाल के पास अभी भी एक महीना का समय और है सत्ता उनकी है हर तरह की जांच वो मेरे खिलाफ करवा सकते है, वो कहते है की विधायक बनने के बाद 500 एकड़ आदिवासी जमीन हड़प ली है मैं कहता हूं की मेरे विधायक बनने के बाद 25 एकड़ आदिवासी जमीन हड़पना ही बता दे मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा। बहुत जल्द ही विनय जायसवाल के ऊपर अपराधिक मानहानि का मामला भी माननीय न्यायालय के समक्ष दर्ज होने जा रहा है।

### मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय ने एलसीडी लगा शहर में दो बोतल शराब के साथ एक लाख रुपए लेने देने वाले ऑडियो क्लिप का किया प्रसारण

मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने हल्दीबाड़ी के पंजाब नेशनल बैंक के पास गुरुवार की संध्या पत्रकार वार्ता कर स्थानीय भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव एवं पूर्व मंडल महामंत्री राजेश सिंह उर्फ़ मुन्नू सिंह का एक ऑडियो क्लिप जारी करते हुए भाजपा नेताओं के ऊपर कोल माफिया से सांठगांठ कर उनसे बड़ी रकम की उगाही के साथ दो बोतल शराब की व्यवस्था लेने आरोप लगाया है। आडियो क्लिप में भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव साफ तौर पर कोयला माफिया से 2 लाख रुपये की मांग करते नजर आ रहे है। वही कोयला माफिया द्वारा पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को एक लाख रुपये का भुगतान कर देने की बात कही जा रही है। इसी आडियो क्लिप में भाजपा के मण्डल महामंत्री उक्त कोल माफिया से दो बोतल शराब की मांग करते हुए भी नजर आ रहे है। इस आडियो क्लिप के जारी होने के बाद से पूरे मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में हड़कंप मच गया है। मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जयसवाल कहना है की कल तक जो भाजपा के नेता कांग्रेस के विधायक के ऊपर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे थे उनकी सावन पर्व में बरात तक निकाली थी अब ही नेता इस मुद्दे पर मुह छिपाते फिर रहे है और कोई भी बयान देने से बच रहे है। इस ऑडियो क्लिप में साफ तौर पर देखा जा रहा है की बात चीत करने वाले दोनों व्यक्ति कौन है, चिरमिरी के लगभग सभी प्रचलित चौक चौराहो से लेकर हर पान ठेले, चाय की दुकान सार्वजनिक स्थल इस बात को जानता है की ऑडियो क्लिप में बात करने वाले की आवाज शहर के किस व्यक्ति से मेल खा रही है। इस ऑडियो क्लिप में स्वयं वर्तमान भाजपा मंडल के अध्यक्ष पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लेते दिख रहे है और वह खुद भाजपा मंडल को पैसे देने की बात कर रहे है। बहरहाल आगामी दो से तीन माह के पूर्व होने वाले विधानसभा चुनाव में ऊठ किस करवट बैठेगा ये तो पता नहीं पर कोल नगरी में उसकी तस्करी कर अपने कपड़ो के साथ अपनी जेबो में भी कालिक लगाने वाले बड़े बड़े नेताओं अब अपना मुंह छुपाते फिर रहे है।

# कलेक्टर ने बैठक में कोई भी अविवादित नामांतरण प्रकरण लंबित न रहे का दिया निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,02 सितंबर 2023
(घटती घटना)



अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों का हल समय-सीमा में ही किया जाए। इनके निराकारण के लिए निश्चित समय सीमा निर्धारित है और इसी के आधार पर कार्य किए जाए। इससे अधिक समय यदि लगता है तो सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जा सकती है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने के लिए राजस्व न्यायालयों में नियमित तौर पर सुनवाई होनी चाहिए। इसी प्रकार बंटवारा के प्रकरणों का हल भी टाइम लिमिट में हो, सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उपरोक्त निर्देश कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की फ्लेगशिप योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए उनके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास करें। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण, एसईसीएल से प्राप्त भूमि पर पट्टा वितरण की प्रगति, वन अधिकार पट्टा वितरण एवं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इन योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करने को कहा जिससे सभी पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण हेतु राज्य शासन से प्राप्त नए दिशा निर्देशों के अनुसार एकरूपता से कार्य करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के भी पात्र लोगों को गंभीरता से लाभान्वित करने के लिए कहा। इस हेतु शहरी क्षेत्रों में जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूर्ण कराकर पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने की बात कही। उन्होंने वन अधिकार पत्र के लंबित एवं निरस्त प्रकरणों की पुनः समीक्षा करते हुए पात्र पट्टों का ग्राम सभा से अनुमोदन करा कर जिला स्तर पर अनुमोदन हेतु भेजने के लिए निर्देशित किया।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा हड़तालरत 337 कर्मचारियों पर की जा रही दण्डात्मक कार्यवाही

कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर एसोसिएशन संघ द्वारा विगत 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को एस्मा एक्ट के अंतर्गत तत्काल हड़ताल समाप्त कर अपनी सेवाएं देने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारी सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं उनके कार्य क्षेत्र में अनुपस्थिति के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के कुल 337 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग संवर्ग, पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य संयोजक, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि लोग सम्मिलित हैं। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी को एस्मा एक्ट लगने के बाद भी कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। एस्मा एक्ट के तहत जारी नोटिस के बाद भी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा अपने ड्यूटी पर उपस्थिति नहीं दी गई है। उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में सीएमएचओ एवं सभी बीएमओ द्वारा अपने विकासखण्ड के हड़तालरत कर्मचारियों के खिलाफ संबंधित थाने में एस्मा एक्ट 7 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है एवं उन्हें सेवा समाप्ति हेतु नोटिस भी दी जा रही है।

# खड़गवां विकास खंड क्षेत्र में नहीं रूक रहा है रिश्वतखोरी के प्रकरण

## पटवारी ग्रामीणों से काम के नाम पर लेते हैं रिश्वत ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,02 सितंबर 2023
(घटती घटना)




एमसीबी जिले के राजस्व विभाग में अंधेर नगरी मची हुई है कोड़ा कि महिला पटवारी मीनू कौरव के वायरल विडियो में बोलती सुनाई दे रही है कि फ्री फोकट में अपना काम करवा रहे हो विडियो में महिला पटवारी रिश्वत की मांग करते हुए दिख रही है मेंड्रा की जमीन रजिस्ट्री के लिए चौहद्दी बनाने के नाम पर लिया गया है

यहां मामला कोडा के पटवारी सह आवास का है इस विडियो में महिला पटवारी मीनू कौरव रजिस्ट्री कि चौहद्दी के लिए आवास में आए राकेश नाम के युवक से कह रही है कि तुम अपना तो करवा लिए मेरा भी काम करो सौ सौ का नोट लेकर आए हैं दुकान में पांच पांच सौ के नोट नहीं लाए हो। वायरल विडियो में युवक के द्वारा ये कहा कि आपको सिर्फ दो लाइन ही लिखना है इस पर महिला पटवारी बोल रही कि इसी दो लाइन का महत्व है जिससे तुम्हारी रजिस्ट्री होगी। राजस्व के मामले में लोगों की परेशानी कब खत्म होगी। राजस्व मामले में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता यह कोई नयी बात नहीं है। क्या इस पर नियंत्रण लगा पाने में सरकार भी नाकाम होती दिख रही है।

कुछ दिनों पूर्व पोड़ी बचरा क्षेत्र में एक महिला पटवारी के द्वारा मोबाइल पर रिश्वत के पैसा मांगने की रिकार्डिंग वायरल हुई थी जिस पर कार्यवाही भी हुई और खड़गवां के देवाडाड क्षेत्र के पटवारी को विधायक मनेंद्रगढ़ ने फटकार लगाई थी कि ग्रामीणों से रिश्वत की मांग पर अंकुश लगे इसका भी विडियो वायरल हुआ था।

पटवरियों पर प्रशासनिक कसावट नही होने से पटवारी बेलगाम से हो गए है। शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होती है जिसके कारण इनका हौसला काफी बुलंद हो गया है?

CMYK

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम के पास वैश्विक स्तर पर प्रगति करने का बेहतर मौका

**नयी दिल्ली,02 सितम्बर 2023।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे को लगता है कि देश में महिलाओं के खेल में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में प्रगति करने का 'बेहतर मौका' है और कहा कि कुछ और प्रयासों से सीनियर टीम फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी चौबे एआईएफएफ अध्यक्ष के तौर पर एक साल पूरा कर चुके हैं और जब से उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली तब से वह महिलाओं के फुटबॉल के स्तर को सुधारने के लिए प्रयास कर रहे हैं। चौबे ने एआईएफएफ की वेबसाइट से कहा, ''मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि महिलाओं की फुटबॉल को वो सारी सुविधायें मिलें जो भारत में पुरुष फुटबॉल को मिलती है और मैं सच में मानता हूं कि हमारे पास महिलाओं के फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रगति करने का बेहतर मौका है।''



उन्होंने कहा, ''फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिहाज से हमारी महिला फुटबॉल टीम पुरुष टीम की तुलना में आगे है। महिला टीम एशिया में 11वीं रैंकिंग पर काबिज है। अगर हम थोड़ा बेहतर करें तो हम फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।'' भारत ने हाल में अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी की है और हाल में सीनियर एशियाई कप से देश में महिला फुटबॉल का मनोबल बढ़ेगा।

# भारत-पाक मैच में खाली स्टेडियम पर उठे सवाल

**करांची,,02 सितम्बर 2023।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाला होता है और स्टेडियम आम तौर पर दोनों देशों के दर्शकों से खचाखच भरे रहते है लेकिन श्रीलंका में एशिया कप के दौरान नजारा इसके उलट दिखा। भारत और पाकिस्तान अपने एशिया कप 2023 ग्रुप ए मैच में एक-दूसरे का सामना कर रहे थे तब स्टेडियम के कई हिस्से खाली थे।

स्टेडियम में प्रशंसक दोनों देशों का झंडा लहरा रहे थे, जयकार कर रहे थे, तालियां बजा रहे थे लेकिन उनकी संख्या में इतनी नहीं थी , जितनी अक्सर इन दोनों देशों के मैचों में होती है। यहां स्टैंड और घसियाले (बिना स्टैंड वाले) दर्शकदीर्घा में कई स्थान खाली थे जो आम तौर पर भारत-पाक क्रिकेट मुकाबले के दौरान देखने को नहीं मिलता।




श्रीलंका क्रिकेट के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, '' जैसा कि आप देख सकते हैं, टिकटें पूरी तरह से नहीं बिकी हैं। दरअसल कैंडी और कोलंबो में कल शाम को भी टिकटों की बिक्री जारी थी। ग्रैंड स्टैंड में अधिक दाम वाले टिकटों के लिए अधिक खरीदार नहीं थे।''

शुरुआत में टिकटों का न्यूनतम मूल्य 20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 6400 श्रीलंकाई रुपये) था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 1500 श्रीलंकाई रुपये कर दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम का पाकिस्तान और नेपाल से जुड़े दोनों मैचों के लिए टिकट खरीदने पर यह 2560 श्रीलंकाई रुपये का कर दिया गया। इसके बावजूद टिकटों के लिए कोई खास भीड़ नहीं उमड़ी और कुछ प्रशंसक इससे काफी खुश थे।

कोलंबो में अपना व्यवसाय चलाने वाले वरुण ने कहा, '' टिकट आसानी से उपलब्ध थे। वास्तव में, मुझे कल कोलंबो में टिकट मिला। हमने सोचा कि टिकट उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि यह भारत बनाम पाकिस्तान मैच है। हम इससे खुश है कि बिना किसी भीड़ के भारत बनाम पाकिस्तान मैच देख सकते हैं।'' इस स्थिति से मैदान के अधिकारियों को हालांकि निराशा हुई है।

एक अधिकारी ने कहा, '' यह आश्चर्यचकित करने वाला है। मैं यह मान सकता हूं कि ग्रैंडस्टैंड के टिकट का दाम अधिक है लेकिन स्टेडियम के अन्य हिस्सों के टिकट महंगे नहीं है। यह सप्ताहांत का समय है और लोगों के लिए यहां आने का अच्छा मौका था। मुझे लगता है कि बारिश के पूर्वानुमान के कारण दर्शकों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखायी।''

अनुमान से कम प्रशंसकों की भीड़ ने होटल मालिकों और टूर ऑपरेटरों को भी निराश कर दिया है। लगभग सभी होटलों में कमरे उपलब्ध थे। दूसरी ओर, अहमदाबाद में भारत और पाकिस्तान के विश्व कप मैच को लेकर हालात हालांकि बिलकुल अलग है। वहां होटल और विमान के टिकटों का किराया काफी बढ़ गया है। श्रीलंका में कई होटलों का संचालन करने वाले समूह के मालिक ने कहा, '' हम प्रशंसकों की बड़ी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे थे। हमने भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए प्रशंसकों की प्रतिक्रिया देखी है। लेकिन हमारे होटल में काफी कमरे खाली है और कई अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति है।

# नोवाक जोकोविच की पुरुष एकल के चौथे दौर में एंट्री

**सेंटियागो,02 सितम्बर 2023।** नोवाक जोकोविच ने कभी हार नहीं मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पहले दो सेट गंवाने के बावजूद जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने तीसरे दौर में लास्लो जेरे को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से पराजित किया।

यह मैच शुक्रवार को शुरू हुआ और शनिवार को एक बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुआ। जोकोविच ने मैच के बाद कहा,'' यकीन मानिए, यह मैच आखिरी शॉट तक तनावपूर्ण रहा। शुरू में मेरे पास कोई विकल्प नहीं था लेकिन तीसरे सेट से मैंने बेहतर खेल दिखाया। जब मैंने तीसरे सेट में ब्रेक प्वाइंट लिया तो तब मुझे लगा कि मेरे पास मौका है।'' यह जोकोविच के करियर में आठवां अवसर है जबकि उन्होंने पहले दो सेट गंवाने के बाद मैच जीता। अपने करियर में पांच सेट तक चले मैचों में उन्होंने 38 बार जीत दर्ज की है जबकि 11 बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच महिला एकल में अमेरिका की कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त एलिना रायबाकिना को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आखिरी 10 गेम जीतकर 32वीं वरीय एलिस मर्टन्स को 3-6 6-3 6-0 से हराया। पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली गॉफ को फिर से अंतिम आठ में



प्रवेश करने के लिए 33 वर्षीय कैरोलिन वोज्नियाकी की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2018 की विजेता वोज्नियाकी का संन्यास से लौटने के बाद यह तीसरा टूर्नामेंट है। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त रायबाकिना तीसरे दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही। उन्हें सोरेना क्रिस्टिया ने तीन सेट तक चले मैच में 6-3, 6-7 (6), 6-4 से पराजित किया। क्रिस्टिया पहली बार अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में पहुंची है।

उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से होगा। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में अमेरिका के 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने स्पेन के 21वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-0, 3-6, 6-3 से हराया। अमेरिका के एक खिलाड़ी का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तय है क्योंकि पॉल का अगला प्रतिद्वंद्वी फ्लोरिडा का रहने वाला 20 वर्षीय खिलाड़ी बेन शेल्टन है। शेल्टन ने शुक्रवार को रूस के असलान करातसेव को 26 ऐस की मदद से 6-4, 3-6, 6-2, 6-0 से हराया। कैलिफोर्निया के रहने वाले नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ और मैरीलैंड के रहने वाले 10वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। फ्रिट्ज़ ने चेक गणराज्य के क्वालीफायर जैकब मेन्सिच 6-1, 6-2, 6-0 से जबकि टियाफो ने फ्रांस के 22वें वरीय एड्रियन मन्नारिनो को 4-6, 6-2, 6-3, 7-6 (6) से पराजित किया। महिला एकल में गत चैंपियन चैंपियन इगा स्वियातेक नेकाजा जुवान को 49 मिनट में 6-0, 6-1 से, वोज्नियाकी ने जेनिफर ब्रैडी को 4-6, 6-3, 6-1 से और फ्रेंच ओपन उपविजेता कैरोलिना मुचोवा ने टेलर टाउनसेंड को 7-6 (0), 6-3 से हराया।

# कोको गॉफ अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में

**न्यूयॉर्क,02 सितम्बर 2023।** अमेरिका की कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त एलिना रायबाकिना को बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आखिरी 10 गेम जीतकर 32वीं वरीय एलिस मर्टन्स को 3-6 6-3 6-0 से हराया। पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली गॉफ को फिर से अंतिम आठ में प्रवेश करने के लिए 33 वर्षीय कैरोलिन वोज्नियाकी की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2018 की विजेता वोज्नियाकी का संन्यास से लौटने के बाद यह तीसरा टूर्नामेंट है। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त रायबाकिना तीसरे दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही। उन्हें सोरेना क्रिस्टिया ने तीन सेट तक चले मैच में 6-3, 6-7 (6), 6-4 से पराजित किया। क्रिस्टिया पहली बार अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में पहुंची है। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से होगा।

## भारत के फीफा विश्वकप क्वॉलीफायर्स के पहले दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे भुवनेश्वर और गुवाहाटी

**नयी दिल्ली ,02 सितम्बर 2023।** भुवनेश्वर और गुवाहाटी फीफा विश्व कप 2026 और एफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वॉलीफिकेशन राउंड दो में भारत के पहले दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भारत को एशियाई क्वॉलीफायर्स में ग्रूप ए में कतर, कुवैत तथा अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच होने वाले प्रारंभिक संयुक्त क्वॉलीफिकेशन राउंड एक के विजेता के साथ रखा गया है।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 16 नवंबर को कुवैत के खिलाफ विदेश में होने वाले मैच से करेगी। इसके बाद वह 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में एएफसी एशियाई कप के मौजूदा




चैंपियन कतर से भिड़ेगी।

अगले साल भारतीय टीम अफगानिस्तान या मंगोलिया से लगातार दो मैच खेलेगी। इनमें से पहला मैच 21 मार्च को विदेश में खेला जाएगा जबकि दूसरे चरण का मैच 26 मार्च को गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा। कुवैत के खिलाफ अगले साल छह जून को होने वाले भारत के घरेलू मैच के मैच स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।

# मेरी कोशिश पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण पदक बरकरार रखने की होगी

**नयी दिल्ली ,02 सितम्बर 2023।** सुपरस्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह अगले साल पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण पदक और 2025 में अपना विश्व चैम्पियनशिप खिताब बरकरार रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीतने के बाद 25 वर्षीय चोपड़ा रविवार को ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब दोनों जीतने वाले इतिहास के तीसरे भाला फेंक एथलीट बन गये। यह पूछने पर कि क्या वह चेक गणराज्य के महान एथलीट जान जेलेज्नी की उपलब्धि हासिल कर सकते हैं जिनके नाम तीन ओलंपिक और तीन विश्व चैम्पियनशिप खिताब हैं। इस पर चोपड़ा ने कहा, ''अगर मैं प्रेरित बना रहता हूं और अपने खेल पर फोकस बनाये रखता हूं तो सबकुछ संभव है। ''

उन्होंने कहा, ''मेरी कोशिश है कि मुझे मेरा खिताब फिर से दोहराना है और




मुझे इसके लिए जितनी भी मेहनत करने की जरूरत होगी, मैं करूंगा। '' चोपड़ा से पहले जेलेज्नी और नार्वे के आंद्रियास थोरकिल्डसन ने लगातार ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे। जेलेज्नी इस भारतीय सुपरस्टार के आदर्श भी हैं जिन्होंने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते हैं। थोरकिल्डसन ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे।

चोपड़ा ने हालांकि स्वीकार किया कि अगले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का बचाव करना बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, ''तोक्यो में पहला ओलंपिक खिताब जीतना बड़ी चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी क्योंकि फिर से हर एथलीट पूरी तैयारी के साथ आयेगा। इसमें तोक्यो ओलंपिक से भी ज्यादा दबाव होगा क्योंकि इसमें पहले से कहीं ज्यादा उम्मीदें होंगी और यहां तक कि मेरी भी खुद से उम्मीदें हैं। ''

चोपड़ा ने कहा, ''लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज खुद को चोट से बचाने की होगी। मुझे स्वस्थ और चोटों से मुक्त रहना होगा ताकि मैं अपने सभी खिताब फिर से जीत सकूं। '' चोपड़ा गुरुवार को ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे, उन्होंने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप से पहले उन्हें खांसी और गले में तकलीफ थी। उन्होंने कहा, ''मैं पहले यह बताना नहीं चाहता था क्योंकि लोग इसे बहाना समझ सकते थे। लेकिन क्वालीफिकेशन दौर से पहले मुझे खांसी और गले में दर्द था। मुझे परेशानी हो रही थी। '' उन्होंने कहा, ''ज्यूरिख में भी मुझे समस्या हो रही है। मैं ठीक हो जाऊंगा, एक एथलीट का जीवन ऐसा ही होता है।

## रवि दुबे सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं:आराधना शर्मा



कोर्ट ड्रामा लखन लीला भार्गव में मेनका का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस आराधना शर्मा ने अपने को-एक्टर रवि दुबे की तारीफ की है। एक्टर रवि के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, रवि दुबे के साथ काम करना बेहद शानदार एक्सपीरियंस रहा है। वह सबसे स्किल्ड और टैलेंटेड एक्टर्स में हैं, जिनके साथ काम करने का सौभाग्य मुझे मिला है।

अपनी कला के प्रति उनका समर्पण स्पष्ट है। उनके अथक कार्य नीति के साथ उनका रचनात्मक दृष्टिकोण वास्तव में उन्हें अलग करता है। रवि दुबे एक ऐसे अभिनेता हैं जो अपनी कलात्मकता की शक्ति में गहराई से विश्वास करते हैं।

शो में अपने काम के बारे में बात करते हुए, आराधना ने कहा, मैंने वेब सीरीज में एक समानांतर नायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरा किरदार मेनका एक असाधारण महत्वाकांक्षी महिला है, जिसकी सगाई लाखन के सौतेले भाई से हुई है। मेरा किरदार एक वर्तमान महिला की भावना को समाहित करता है, जो तेजी से विकसित हो रहे समाज में अपनी अनूठी यात्रा करने का प्रयास कर रही है।

मैं एक ऐसी इंसान हूं, जिसके लिए अभिनय विश्वास की शक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है। मैंने मेनका की कहानी को पूरे दिल से अपनाया। उन्होंने आगे कहा, मैं वेब पर शुरुआत कर रही हूं। इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

# वरुण धवन और आलिया भट्ट की फिर जमेगी जोड़ी

वरुण धवन और आलिया भट्ट की जोड़ी को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है। पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बद्रीनाथ की दुल्हनिया तक, दोनों पर लोगों ने जमकर प्यार लुटाया है।जो प्रशंसक इस जोड़ी के पर्दे पर लौटने का इंतजार कर रहे थे, अब उनकी यह इच्छा जल्द ही पूरी होने वाली है। दरअसल, दोनों फिर साथ नजर आने वाले हैं और वो भी दुल्हनिया सीरीज की अगली किस्त में।वरुण ने खुद यह खुलासा किया है।

एक हालिया इंटरव्यू के दौरान वरुण अपनी पिछली फिल्म बवाल के निर्देशक नितेश तिवारी और जाह्नवी कपूर के बगल में बैठे थे।वहीं दर्शकों की भीड़ में बैठे एक प्रशंसक ने वरुण से आलिया के साथ उनकी फिल्म सीरीज दुल्हनिया के अगले भाग के बारे में पूछा।इस पर वरुण ने कहा कि वह आलिया के साथ दोबारा काम करना चाहेंगे। उन्होंने बताया कि निर्देशक शशांक खेतान फिलहाल उनके लिए एक स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

वरुण बोले, एक टीम के रूप में हम सबने इस पर काफी चर्चा की है। हम निश्चित रूप से यह करना चाहते हैं। साथ ही हम कुछ ऐसा लाना चाहते हैं, जो बहुत अच्छा हो ताकि आप सब भी उसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हों।उन्होंने कहा, दुल्हनिया 3 पर शशांक काम कर रहे हैं। वह एक स्क्रिप्ट तैयार कर रहे हैं, जो हमारी वापसी के लिए बेहतर होगी। हम एक-दूसरे के साथ फिर काम करने को उत्साहित हैं। वरुण और आलिया की पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर थी, जिसमें दोनों साथ नजर आए थे। खास बात यह है कि करण जौहर ने इन दोनों ही कलाकारों को इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में लॉन्च किया था।पहली ही फिल्म से दोनों दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे थे। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।फिल्म में दोस्ती, प्यार और प्रतिस्पर्धा की कहानी दिखाई गई थी।आलिया-वरुण ने 2014 में रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में दूसरी बार साथ काम किया। 33 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 120 करोड़ रुपये कमाए थे।इसके बाद वे दुल्हनिया सीरीज की दूसरी फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया लेकर आए, जो 2017 में रिलीज हुई।40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया।इन दोनों फिल्मों के निर्देशक शशांक खेतान ही थे।






# विद्या बालन की फिल्म नीयत ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हुई रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म नीयत 7 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे दर्शकों और आलोचकों से मिश्रित समीक्षा मिली। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद, मर्डर मिस्ट्री इस फिल्म एक सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध हो गई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घोषणा की, झूठ को बेनकाब करना, एक समय में एक संदिग्ध उपस्थिति! नीयत ऑनप्राइम, अभी देखें। इस फिल्म में विद्या बालन ने सीबीआई अधिकारी मीरा राव की भूमिका निभाई है, जो एक अरबपति की रहस्यमय हत्या की जांच करने की प्रभारी है। विद्या बालन के अलावा, फिल्म में राम कपूर, प्राजक्ता कोली, राहुल बोस, शशांक अरोड़ा, शहाना गोस्वामी, नीरज काबी, अमृता पुरी और शेफाली शाह जैसे कई कलाकार शामिल हैं।

रिलीज से पहले, दर्शकों ने नीयत की तुलना हॉलीवुड मर्डर मिस्ट्री नाइव्स आउट से की क्योंकि दोनों फिल्में एक-दूसरे से काफी मिलती-जुलती थीं। इन तुलनाओं के बारे में पूछे जाने पर, विद्या ने बताया था, मुझे लगता है कि यह एक तारीफ है। लेकिन मुझे आपको बताना होगा, मैं टिप्पणियां नहीं पढ़ती हूं इसलिए मुझे नहीं पता। यह कहने के बाद कि यह एक बहुत ही सफल फिल्म है इसलिए मैं तुलना से खुश हूं क्योंकि हमने अभी तक केवल ट्रेलर जारी किया है। यदि आप इस शैली की पांच फिल्में चुनते हैं, तो आप किन्हीं दो के बीच कई समानताएं पाएंगे।

विद्या बालन, मल्टी टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। वहीं, उनकी फिल्म नीयत की बात करें तो यह एक मर्डर-मिस्ट्री है, जिसका निर्देशन अनु मेनन ने किया है। विद्या इससे पहले अनु की फिल्म शकुंतला देवी में नजर आ चुकी हैं। नीयत की कहानी अनु, अद्वैत कला और गिरवानी ध्यानी के जरिए लिखी गई है। नीयत की कहानी की बात करें तो यह एक मर्डर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके शक के दायरे में कई किरदार हैं। हालांकि, असली कातिल कौन है यह देखना काफी दिलचस्प होता है।

नीयत फिल्म की शूटिंग मई 2022 में यूके में शुरू हुई थी, जिसकी जानकारी विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर एक मुहूर्त क्लैप वाली फोटो साझा करते हुए दी थी। इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा था, अपने पसंदीदा लोगों में से कुछ के साथ हाल के दिनों में पढ़ी गई सबसे आकर्षक पटकथाओं में से एक की शूटिंग शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।

# पूरे देश में धान की सबसे ज्यादा कीमत छत्तीसगढ़ में

» कौशल विकास से बढ़े रोजगार में हो रहा बढ़िया काम:राहुल गांधी

» सांसद राहुल गांधी ने राजीव युवा मितान सम्मेलन के अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा

» छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया बहुत अच्छा काम

» प्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में स्टाइपेंड व्यवस्था समाप्त

» जब भी हमें अवसर मिला लोगों को ताकत देने का काम किया:-मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल

» राजीव युवा मितान सम्मेलन में उमड़ा युवाओं का उत्साह

**रायपुर,02सितम्बर2023(ए)।** हमने छत्तीसगढ़ में आम जनता से जो वायदे किये थे वो पूरे किये। किसानों का कर्ज माफ किया। बिजली बिल हाफ कर दिया।छत्तीसगढ़ में किसानों को धान के लिए सही दाम दिया। आज आप सभी प्रदेशों को देख लीजिए, लिस्ट निकालिये, धान के लिए सबसे ज्यादा पैसा कहाँ मिलता है। जवाब मिलेगा छत्तीसगढ़। जहाँ भी हम जाते हैं वायदा निभाते हैं। यह बात सांसद राहुल गांधी ने नवा रायपुर में आयोजित राजीव युवा मितान सम्मेलन के मौके पर कही।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में स्टाइपेंड व्यवस्था समाप्त करने की घोषणा की। कार्यक्रम में श्री राहुल गांधी ने शानदार कार्य कर रहे सभी संभागों के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सम्मान भी किया। इस मौके पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित वायदे से ज्यादा काफी टेबल बुक का



विमोचन भी किया।

युवाओं की अभूतपूर्व उपस्थिति में हुए इस सम्मेलन में श्री राहुल गांधी ने कहा हमने यहाँ रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। मैंने मुख्यमंत्री श्री बघेल जी से कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग स्किल हैं। हर जिले में आप कुछ अलग सा बनाते हो। छोटे उद्यमियों को बैंक लिंकेज मिलना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि आपका फोकस इन पर होना चाहिए, इसकी मार्केटिंग हो, मुझे खुशी है कि बघेल जी ने इस पर अच्छा काम किया है।

इससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुला है। छत्तीसगढ़ देश का केंद्र है। आपको देश का लाजिस्टिकल सेंटर बनना चाहिए। आप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कीजिए ताकि छत्तीसगढ़ हिंदुस्तान का लाजिस्टिक सेंटर बन पाये। आप दुनिया को छत्तीसगढ़ से जोडिये। इससे छत्तीसगढ़ के प्रोडक्ट केवल भारत ही नहीं, दुनिया में भी जाएं। मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। श्री राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के विकास के लिए युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए ही हमने राजीव युवा मितान क्लब बनाये हैं। हर क्लब को एक लाख रूपए मिल रहे हैं। तीन लाख युवाओं को हमने क्लब में जोड़ा है। हमने पेसा कानून के माध्यम से आदिवासियों को उनके हक दिलाए। आदिवासी का मतलब इस देश की धरती के सबसे पहले आप मालिक हैं। मतलब जमीन पर जंगल पर जल पर आपका हक पहला बनता है।

श्री राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के डीएनए में प्यार है मोहब्बत है। हम सबसे पहले हिंदुस्तानी हैं। हम सबको एक दूसरे के साथ जुड़कर मोहब्बत के साथ इज्जत के साथ रहना है। यह सबसे पुराना मैसेज है जिसे हमने भारत जोड़ो यात्रा में दिया। नफरत से और हिंसा से देश आगे नहीं जा सकता। हिंसा से देश की अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ती। जब सबको एक साथ लाया जाता है तो देश जुड़ता है। छत्तीसगढ़ का भविष्य आपका है। आपको छत्तीसगढ़ का भविष्य संवारना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि पांच साल पहले जब राहुल गांधी जी आये थे तो उन्होंने कहा था कि ऐसी योजनाएं बनाएं जिससे आम आदमी को लाभ हो, आदिवासियों को लाभ हो, किसानों को लाभ हो। हमने ऐसी योजनाएं बनाई जिससे लोगों को लाभ हुआ। किसानों को लाभ मिला। छत्तीसगढ़ में हम प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस नहीं लेते। पूरे छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा हमारे साथ है। युवा राष्ट्र की संपत्ति है और इस ऊर्जा का सही उपयोग हमें करना है। हम युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। हम लोगों को अधिकार संपन्न बनाते हैं। प्रधानमंत्री नेहरू जी से लेकर मनमोहन सिंह जी तक जब तक हमें अवसर मिला, लोगों को ताकत देने का काम किया है। पहली बार युवाओं का ऐसा मेला छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहा है। राजीव युवा मितान क्लब को हर साल एक लाख रुपए दिया जा रहा है ताकि हमारे युवा साथी अपने गाँव की संस्कृति, खेलकूद और शासन की जानकारी भी वंचित वर्गों तक पहुँच पाए। ये दिन रात मेहनत करते हैं इन सब तक ये शासन की योजनाओं की जानकारी देते हैं।

आने वाले पाँच सालों में हमने दस से बारह लाख रोजगार के सृजन का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अपना अमूल्य समय देने के लिए राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सांसद दीपक बैज, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने भी संबोधित किया।

# छत्तीसगढ़ राज्य बना घोटाले का गढ़

» शराब घोटाले में 2100 करोड़ की सिर्फ़ टिप,

» नाम सामने आने का सता रहा डर : अमित शाह

**रायपुर,02सितम्बर2023(ए)।** राजधानी रायपुर में आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। शाह ने 21 सौ करोड़ के शराब घोटाले को केवल टिप बताया है। उनके मुताबिक भ्रष्टाचार इससे कहीं ज्यादा का है। दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शाह के साथ भाजपा के कई दिग्गज मौजूद रहे।

बीजेपी ने आरोप पत्र समिति की घोषणा 9 जुलाई को की थी। आरोप पत्र को संयोजक अजय चंद्राकर, सह संयोजक ओपी चौधरी और प्रेम प्रकाश पाण्डेय को बनाया था। आरोप पत्र में भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी के साथ ही सरकार की विफलताओं के मुद्दों पर फोकस किया है।

दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अमित शाह, अरुण साव, सरोज पांडेय के साथ अन्य नेता।

### आरोप पत्र की बड़ी बातें

**कहिस बहुत कुछ-करिस कुछू नई**

इसमें उन वादों की याद दिलाई गई है, जो किया लेकिन पूरा नहीं किया। इसमें मंडी टैक्स, संविदा नियुक्ति, एयरोसिटी, लाइट मेट्रो, वर्ल्ड लेवल स्कूल, छत्तीसगढ़ सेवा ग्राम, जेम्स एंड ज्वैलरी पार्क, रीपा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क इन सबका जिक्र किया गया है।

शराबबंदी को लेकर गंगाजल की कसम खाने का कार्टून बनाया गया है।

**जनघोषणा पत्र पर धोखा**

316 वादे किए, लेकिन 36 प्रमुख वादों का भी ब्यौरा नहीं दे पाए।

**किसानों को धोखा**

किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा केंद्र दे रही है, और राज्य सरकार श्रेय ले रही है। कर्ज माफी, सिंचाई क्षमता दोगुनी समेत कई वादे अधूरे।

**किसानों को धोखा**

किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा केंद्र दे रही है, और राज्य सरकार श्रेय ले रही है।




**घोटालेबाज सरकार**

इसमें सरकार पर आरोप लगाया गया है भ्रष्टाचार का। यूरिया घोटाला, चावल घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, डीएमएफ घोटाले का जिक्र।

**तेंदूपत्ता घोटाला**

1000 करोड़ की खरीदी कम हुई।

**गरीबों को नहीं मिले मकान**

16 लाख गरीबों को नहीं मिले मकान।

**धर्मांतरण और तुष्टिकरण**

आदिवासियों का शोषण कर रही सरकार।

**शराबखोर सरकार**

शराबबंदी के नाम पर जनता को छला।

**चावल के कटोरे में सेंध**

600 करोड़ का पीडीएस घोटाला किया।

**पीएससी घोटाला**

भाई भतीजावाद भर्ती में।

**ऑनलाइन सट्टा को संरक्षण**

नेताओं और अधिकारियों ने बढ़ावा दिया।

**कोयला परिवहन घोटाला**

यह भी हजारों करोड़ का घोटाला। ईडी ने संपत्तियां जब्त की।

**वन विभाग में लूट**

4000 करोड़ का घोटाला किया।

**गौठान घोटाला**

268 करोड़ का घोटाला किया।

**डीएमएफ घोटाला**

खुद कांग्रेस अध्यक्ष ने विधानसभा में जिक्र किया।

**तबादला उद्योग**

राज्य में ट्रांसफर के नाम पर उगाही।

**शिक्षक भर्ती घोटाला**

पदोन्नति के नाम पर पैसे लिए गए।

**किलोल मासिक पत्रिका में करोड़ों का घोटाला**

जबरन खरीदी गई मासिक पत्रिका।

**साड़ी तक में घोटाला**

आदिवासियों के लिए मोदी जी ने जो साड़ी भेजी, उसमें भी घोटाला किया।

**कोरोना में सेस के नाम पर करोड़ों का खेल**

सेस के नाम पर करोड़ों लिए, लेकिन खर्च नहीं किया।

**अपराधियों को कानून का डर नहीं**

दुष्कर्म, मर्डर, चाकूबाजी की घटनाएं काफी बढ़ी। हर रोड तीन बलात्कार।

**माफियाराज** अश्लील सीडी कांड का जिक्र। ईडब्ल्यूएस मकानों को हड़पने का आरोप।

**1 लाख करोड़ से अधिक का घोटाला**

विधायक शैलेष पांडेय का जिक्र, जिन्होंने पुलिस स्टेशन में रेटलिस्ट लगाने कहा था, मंत्री जयसिंह अग्रवाल का जिक्र जिन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों का जिक्र किया, विधायक बृहस्पति सिंह का जिक्र जिन्होंने पुलिस के खिलाफ धरना दिया था।

**राजीव मितान क्लब**

कांग्रेसियों को पैसा बांटने का जरिया बना।

**रोजगार का वादा फेल**

युवाओं के हक का 15000 करोड़ गबन किया।

**नशे की गिरफ्त में छत्तीसगढ़**

उड़ता पंजाब की तर्ज पर उड़ता छत्तीसगढ़ का आरोप लगाया है।

**चिटफंड कंपनियों के नाम पर जमीनों का बंदरबांट**

**लैंड जेहाद** पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों को छत्तीसगढ़ में 25 एकड़ जमीन दी।

बीजेपी के जारी आरोप पत्र में एक पोस्टर में कार्टुन बनाया गया है, जिसे कुछ इस तरह दर्शाया गया है।

### अमित शाह के भाषण की प्रमुख बातें :-

- 18 के बाद आई सरकार ने पीएम का साथ देने के बजाय लूट-खसोट पर फोकस किया।
- 2019 में हमने 11 में से 9 सीटें जीती। 24 में हम 11 की 11 सीटे जीतेंगे।
- दिल्ली दरबार में एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को विकास की राह से भटका दिया है।
- छत्तीसगढ़ में घोटालों और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है।
- अगला चुनाव सीएम या दल बदलने के लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ का भाग्य लिखने वाला चुनाव है।
- लोग तय करें कि धर्मांतरण करवाने वाली सरकार चाहिए या आदिवासी संस्कृति को जीवित करने वाली सरकार।
- पिछड़ा वर्ग का आधार चाहिए या इनके नाम पर हजारों करोड़ों का घोटाला।
- छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को नौकरी चाहिए या दुबई में सट्टे का काम।
- छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और घोटालों से सिर्फ भाजपा बचा सकती है।
- पूरे प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है।
- हमने गरीब की झोपड़ी तक राशन पहुंचाने का काम किया।
- कोरोना में हमने 5 किलो अतिरिक्त चावल भेजा इस सरकार ने उसमें भी घोटाला कर दिया।
- आपने अगर गलती करी है तो एजेंसी आपके पास आएगी। गलत नहीं किया तो क्यों डरते हो?
- लैपटॉप, मोबाइल देने की योजना हमने शुरू की। आपने इसमें भी घोटाला किया
- विधायकों को लूट की खुली छूट दे दी गई है।
- भ्रष्टाचार इकट्ठा करने वाले छत्तीसगढ़ में कलेक्टर हैं।
- सीएम चाटुकारिता में व्यस्त, जनता से किए वादे भूल गए
- तेंदू पत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका, साड़ी वितरण की योजना बंद कर दी संग्रहण में कभी आई। योजना क्यों बंद की?
- 16 लाख गरीबों के मकान बनाने की पीएम आवास योजना बंद क्यों की?
- पूर्ण शराबबंदी का वादा कर 2100 करोड़ का घोटाला कर दिया।
- 2100 करोड़ रुपए टीप है। घोटाला इससे कहीं बड़ा है। कभी भी किसी घोटाले में वास्तविक रकम पकड़ में नहीं आती।
- सरकारी नौकरियों की नीलामी कर सरकार ने बेरोजगारों को छला।
- जो लोग जेल में बंद हैं, वो लोग इनके नाम उजागर न कर दें इसलिए इन्हें नींद नहीं आती।

**बीजेपी नेताओं ने कही ये बात**

गली-सड़कों से आज एक ही आवाज, ए दारी भ्रष्ट सरकार ल बदलबो। जन घोषणा पत्र के सारे वादे झूठे। प्रदेश में लूट के साथ अपराध भी बेलगाम हो गए हैं। 600 करोड़ चावल, 500 करोड़ कोयला और 2000 करोड़ का शराब घोटाला किया गया। जुआ-सट्टा को संरक्षण देने वाली सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

**आरोप पत्र का पहला पेज**

इसमें एक कार्टून बना है, जिसे वर्दी के साथ दर्शाया गया है। इस वर्दी में मैडल लगे हैं, जिसमें ढेबर, भाटिया, कोषाध्यक्ष, समीर, शुक्ला, टुटेजा, हुसैन और माहेश्वरी लिखा हुआ है। उनके सिर पर एक टोकरी है, जिस पर ढांढ लिखा हुआ है। दीनदयाल ऑडिटोरियम में आरोप पत्र जारी करते हुए अमित शाह, अरुण साव, रमन सिंह, सरोज पांडेय शामिल रहे।

# कवर्धा में नोटों से भरी गाड़ी पकड़ाई

**1 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद**

**कवर्धा,02सितम्बर2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को कवर्धा से एक बड़ी खबर आयी है। नोटों से भरी गाड़ी पकड़ायी है। कार में 1 करोड़ रुपये मिले हैं। हालांकि इस पैसे का कहां और कैसे इस्तेमाल किया जाना था, इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस को ये कामयाबी चिल्फी पुलिस चेक पोस्ट पर जांच के दौरान मिली है।

जानकारी के मुताबिक रकम ज्यादा भी हो सकती है। फिलहाल नोटों की गिनती जारी है। पुलिस इस मामले में जांच के बाद ही कुछ बताने की बात कह रही है। आईपीएस अभिषेक पल्लव ने कहा है किज चिल्फी चेकपोस्ट में 1 करोड़ रुपए कैश पकड़ाए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा निवासी निशांत वैद्य, राहुल रावत, दिल्ली निवासी नरेंद्र कुमार सहाय, विपिन सिंह शामिल हैं।



मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी कैश को फरीदाबाद से ओडिशा ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर चिल्फी चेक पोस्ट पर आरोपी धरे गए। एक करोड़ कैश का कोई दस्तावेज संदिग्धों के पास मौजूद नहीं थे।फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जल्द खुलासा हो सकता है।

# सिविल जज परीक्षा आज

**रायपुर जिले में बने 6 परीक्षा सेंटर**

**रायपुर,02सितम्बर2023(ए)।** छत्तीसगढ़प्रदेश में व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। अभ्यर्थी 3 सितंबर को सुबह 11 बजे से एग्जाम दे सकेंगे। इस परीक्षा में लगभग साढ़े तेरह हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने रायपुर जिले में ही 6 एग्जाम सेंटर बनाए हैं। इसके लिए कलेक्टोरेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से सिविल जज की प्रवेश स्तर परीक्षा 3 सितंबर को ली जाएगी। यह परीक्षा एक चरण में ही पूरा होगी। इसके लिए समय निर्धारित किया गया है। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक ये एग्जाम होगा। रायपुर जिले में इस परीक्षा के लिए 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में साढ़े तेरह हजार से अधिक अभ्यर्थियों की शामिल हो सकते हैं।

बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0771-2413233 है। इस परीक्षा के लिए डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन




जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा के आयोजन के लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टोरेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 6 में परीक्षा संबंधी नियंत्रण कक्ष भी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक केदार पटेल सहायक नोडल बनाया गया है।

# आदिवासी जनजातीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पहुंचे कई बड़े नेता



**ललित दवे**
**रायपुर,02 सितम्बर 2023(घटती-घटना)।** रायपुर छत्तीसगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आर्य युवा केन्द्र संबंध राष्ट्रीय सेवा भारती एवं सूक्ष्म लघु उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 3 दिवसीय आदिवासी जनजातीय सम्मेलन के उद्घघाटन सत्र पूर्व केंद्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार बृजमोहन अग्रवाल आर्य युवा केन्द्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुशेष आर्य महामंत्री सुरेंद्र गौड़ जनकल्याण योजना प्रचार प्रसार राष्ट्रीय प्रमुख राजमणि आर्य युवा केन्द्र राष्ट्रीय मीडिया सह्योजक ललित दवे आयोजक समिति अध्यक्ष मनोज ठाकरे अनिता चौरसिया डॉ विभा डॉ निर्मला गुप्ता एन यू एल एम अधिकारी नवीन छत्तीसगढ़ सरकार कई अधिकारी सूचना प्रचार विभाग अधिकारी सहित दिल्ली से मुख्य अतिथि कुलदीप राज गौरव शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे ।

मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत आदिवासी जनजातीय सम्मेलन की सुरूवात की

# विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची 7 सितंबर तक

**लिस्ट तैयार,केंद्रीय चुनाव समिति से मंजूरी का इंतजार, दिल्ली से होगा ऐलान**

**रायपुर/ नई दिल्ली,02 सितम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 7 सितंबर तक जारी होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि इसी के आसपास भाजपा भी अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर सकती है। बता दें कि भाजपा ने 2023 चुनाव के लिए पहले ही 21 उम्मीदवारों के नामों का लिस्ट जारी कर दिया है।

बता दें शनिवार को राहुल गांधी और बीजेपी नेता केंद्रीय गृहमंत्री रायपुर में मौजूद हैं। इस बीच कल देर रात बीजेपी के प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में शाह की मौजूदगी में भाजपा उम्मीदवारों के नाम पर



मंथन हुआ। वहीं आज भूपेश बघेल की कैबिनेट की अहम बैठक होने जा रही है। जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस की बैठक रविवार को राजीव भवन में होगी। बैठक में चुनाव समिति के सदस्यों के साथ पीसीसी चीफ और संगठन के नेता भी मौजूद रहेंगे।

# पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने 8 नक्सलियों ने किया आत्म समर्पण,6 गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा ,02 सितम्बर 2023(ए)।** लोन वर्राटूट (घर वापसी अभियान) के तहत दंतेवाड़ा में पुलिस और सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। जिले में चलाए जा रहे घर वापसी अभियान के तहत जंहा दो इनामी सहित आठ नक्सलीयो ने आज पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने आत्म समर्पण कर मुख्यधारा में लौट गए।

### इन नक्सली गतिविधियों में शामिल थे आत्म समर्पण करने वाले नक्सली

समर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में मार्जुम मिलिशिया कमांडर मंगडू पर एक लाख का इनाम घोषित था,दुसरे इनामी समर्पित महिला नक्सली टेटम पंचायत केएएमएस अध्यक्ष कुमारी लखमें सहित कटेकल्याण थाना क्षेत्र के ही आठ नक्सली मुख्यधारा में लौटे। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों पर




सड़क खोदने नक्सली बंद के दौरान बैनर ,पोस्टर लगाने सहित अन्य नक्सली गतिविधियों में शामिल रहते थे।

### 6 नक्सलियों को जवानों ने किया गिरफ्तार

दंतेवाड़ा में आज आठ नक्सलियों के आत्म समर्पण के साथ छै नक्सलियों की गिरफ्तारी भी अलग अलग थाना क्षेत्र से सीआरपीएफ व डीआरजी जवानो के सर्चिंग के दौरान भी हुई ,जिसमे पांच लाख का इनामी मुन्ना बरसा नक्सलीयो की प्लाटून नंबर 13 का (पी पी सीएम) था जिस पर पांच लाख का इनाम घोषित था।

साथ ही एक महिला नक्सली मंगली पुनेम की भी गिरफ्तारी की गई ,मंगली गंगालूर माटवाडा (एलओएस)सदस्य के रूप में नक्सली संगठन में कार्य करती थी,महिला गिरफ्तार नक्सली ने बताया ट्रेन डिरेल करने सहित अन्य बड़ी नक्सली वारदातों में रही। मौके से इन दोनों इनामी नक्सलियों के कब्जे से तीन नग डेटोनेटर,दो नग जिलेटिन रॉड, कार्डटेक्स वायर व 54650 नगद भी इन दोनों नक्सलियों के पास से बरामद किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)